www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

21 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 331

सरकार बदल दो, घुसपैठियों को बाहर कर देंगे : अमित शाह








परिवर्तन यात्रा शुभारंभ

हज़ारीबाग़ प्रमंडल

माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा एवं अर्चना

| | |
|---|---|
| सभा स्थल | हाई स्कूल मैदान, इटखोरी |
| दिनांक | 21 सितम्बर 2024 |
| समय | सुबह 11:30 बजे |

पलामू प्रमंडल

वंशीधर मंदिर में पूजा एवं अर्चना

| | |
|---|---|
| सभा स्थल | सिंचाई विभाग मैदान, नगर उंटारी |
| दिनांक | 21 सितम्बर 2024 |
| समय | दोपहर 03:00 बजे |

केंद्रीय रक्षा मंत्री
माननीय
श्री राजनाथ सिंह



भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 70,150 रु./10 ग्राम
चांदी 91,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 21 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# विद्रोह की धरती से परिवर्तन की हुंकार भर गये अमित शाह

## ■ गांव-गिरांव को जोड़ पायी भाजपा, तो पार लगा सकती है अपनी चुनावी नाव

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक गतिविधियां पूरे उफान पर हैं। 2019 में सत्ता खो चुकी भाजपा इसे दोबारा हासिल करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा रही है, तो दूसरी तरफ उसकी रफ्तार रोकने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन और खासकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पूरा जोर लगाये हुए हैं। इस राजनीतिक झकझूमर में फिलहाल भाजपा ने अपना सब कुछ झोंक दिया है, पिछले साढ़े तीन महीने से उसने अपना पूरा ध्यान झारखंड पर ही लगा रखा है। भाजपा के लिए झारखंड चुनाव कितना अहम है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके दो शीर्षस्थ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस राज्य को पूरा समय दे रहे हैं। खासकर अमित शाह तो दो महीने में दूसरी बार झारखंड आये और पार्टी की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखायी। इससे पहले पीएम मोदी भी झारखंड आकर बड़ी सियासी हलचल पैदा कर चुके हैं। वास्तव में अमित शाह ने विद्रोह की धरती भोगनाडीह से झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखा कर प्रदेश में परिवर्तन का अलख जगा दिया है। उनका एक दिवसीय दौरा झारखंड भाजपा के लिए एक बूस्टर डोज है, क्योंकि दो महीने पहले अमित शाह ने 20 जुलाई को रांची में जो रणनीति बनायी थी, उसी को गति देने के ध्येय से उनका यह दौरा था। अमित शाह ने अपने संबोधन में जिस आक्रामकता का परिचय दिया, उससे साफ हो गया कि झारखंड चुनाव के लिए भाजपा का प्लान क्या है और वह कौन-कौन से हथियार का इस्तेमाल करने जा रही है। अमित शाह की यात्रा को सत्ता तक का रास्ता कैसे तय कराया जाये, यह अब प्रदेश भाजपा का जिम्मा है। संथाल झामुमो का गढ़ है और उसमें प्रदेश भाजपा कितनी सेंधमारी कर पायेगी, यह तो समय के गर्भ में है, लेकिन यह भी सच कि भाजपा को अपना रुख गांव-गिरांव की ओर करना होगा। क्या है अमित शाह के दौरे का सियासी मतलब और क्या हो सकता है इसका असर भोगनाडीह से बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में इसी साल होनेवाले विधानसभा चुनावों के लिए सभी दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हैं। इस बार झामुमो से सत्ता छीनने के लिए भाजपा पूरे दमखम से लगी हुई है। इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इसी बात से मिल जाता है कि पार्टी के शीर्षस्थ नेता लगातार झारखंड का दौरा कर रहे हैं। अभी 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड आये थे और वह बेहद खराब मौसम में 130 किलोमीटर की सड़क यात्रा कर जमशेदपुर पहुंच कर बड़ी सियासी हलचल पैदा कर गये। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए पार्टी के चाणक्य और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी 20 सितंबर को झारखंड आये। उन्होंने विद्रोह की धरती साहिबगंज के भोगनाडीह से भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखा कर इसका शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने गिरिडीह के झारखंड धाम में भी इस यात्रा को हरी झंडी दिखायी और जनसभा को संबोधित किया।

### क्या है परिवर्तन यात्रा

झारखंड भाजपा द्वारा निकाली गयी परिवर्तन यात्रा का मुख्य लक्ष्य झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार से पिछले पांच वर्षों का हिसाब लेना है। भाजपा ने इस यात्रा को बेटी, रोटी और माटी की रक्षा, युवाओं के भविष्य और झारखंड में परिवर्तन लाने के संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। यह यात्रा राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और छह सांगठनिक प्रमंडलों में आयोजित होगी। 20 सितंबर से तीन अक्टूबर के बीच भाजपा की परिवर्तन यात्रा कुल करीब साढ़े पांच हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान 80 स्वागत कार्यक्रम और 65 सार्वजनिक रैलियां होंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उनके अलावा भाजपा के तमाम बड़े नेता इसमें अलग-अलग समय और जगहों पर जुड़ेंगे। इस यात्रा का थीम है- 'न सहेंगे न कहेंगे बदल कर रहेंगे'।

### हेमंत सोरेन के मजबूत किले पर वार

कोल्हान और संथाल दोनों पर ही भाजपा और झामुमो की पैनी नजर है। झामुमो के इसी गढ़ में से एक कोल्हान में पहले पीएम ने सभा की, तो दूसरी जगह संथाल परगना और गिरिडीह में अमित शाह ने हुंकार भरी है। इससे समझा जा सकता है कि भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार की चौतरफा घेरेबंदी की रणनीति अपनायी है। इसलिए अमित शाह ने सबसे पहले संथाल परगना को चुना, ताकि हेमंत सोरेन के सबसे मजबूत किले पर वार किया जा सके।



### भाजपा पहले ही सेट कर चुकी है एजेंडा

वैसे झारखंड चुनाव के लिए भाजपा ने पहले ही अपना एजेंडा सेट कर दिया है। भाजपा लगातार झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ, डेमोग्राफी चेंज और आदिवासियों की घटती संख्या का मुद्दा उठा रही है। अमित शाह ने भोगनाडीह में जिस तरह भ्रष्टाचार, बांग्लादेशी घुसपैठ और राज्य सरकार की वादाखिलाफी का मुद्दा उठाया, उससे यह बात भी साफ हो गयी है कि भाजपा आसन्न विधानसभा चुनाव में इन हथियारों के सहारे सत्तारूढ़ गठबंधन को पटखनी देने की कोशिश में है।

### कोल्हान और संथाल में भाजपा कमजोर

अमित शाह से पहले पीएम मोदी कोल्हान में लोगों को संबोधित कर चुके हैं। अब अमित शाह ने संथाल में झामुमो को चुनौती दी है। दरअसल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा कोल्हान और संथाल में पूरी तरह से पिछड़ गयी थी। 14 सीटों वाले कोल्हान में जहां भगवा पार्टी एक सीट के लिए भी तरस गयी थी, वहीं 18 सीटों वाले संथाल में सिर्फ चार सीटें ही हासिल कर पायी थी। यही वजह है कि इस बार पार्टी इन दो प्रमंडलों में पूरा दमखम लगा रही है।

### अमित शाह के दौरे ने भाजपा को दिया बूस्टर डोज

वास्तव में अमित शाह के झारखंड दौरे ने झारखंड भाजपा को बूस्टर डोज दिया है। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने जिस तरह कई मुद्दों को रेखांकित किया, उसने झारखंड भाजपा के नेताओं को एक लाइन दे दी है। अपनी यात्रा में अमित शाह हमेशा की तरह आत्मविश्वास से लबरेज दिखे। उन्होंने कहा कि वह दीवार पर लिखा हुआ पढ़ सकते हैं और पूर्ण विश्वास के साथ कह सकते हैं कि वर्ष 2024 में एक बार फिर झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा ने कुछ भी ऐसा नहीं किया, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं को सिर झुकाना पड़े। इसके अलावा चंपाई सोरेन, लोबिन हेंब्रम, सीता सोरेन और गीता कोड़ा जैसे कद्दावर नेताओं के भाजपा में आने का सकारात्मक असर भी उनकी बातों में साफ दिखाई दिया। अमित शाह यह संकेत दे गये कि संथाल और कोल्हान में भाजपा चंपाई सोरेन, लोबिन हेंब्रम, सीता सोरेन और गीता कोड़ा को अपने अस्त्र के रूप में इस्तेमाल करेगी। इनके सहारे वह संदेश देना चाहेगी कि झामुमो में सब कुछ ठीकठाक नहीं है।

### विधानसभा चुनाव के मुद्दे भी तय कर गये शाह

अमित शाह ने झारखंड में अपने दो कार्यक्रमों में विधानसभा चुनाव के मुद्दे भी तय कर दिये। इनमें राज्य की इंडी गठबंधन की सरकार की पांच साल की तमाम विफलताओं और भ्रष्टाचार के साथ आदिवासियों के लिए मोदी सरकार द्वारा किये गये कामों को गिनाना शामिल है। अमित शाह ने जिस तरह भ्रष्टाचार और कुशासन के मुद्दों पर राज्य की गठबंधन सरकार को घेरा, उससे एक बात साफ हो गयी कि झारखंड भाजपा अब पूरी तरह आक्रामक मोड में रहेगी। इसके अलावा अमित शाह ने झारखंड के विकास के लिए भाजपा के संकल्प को दोहरा कर मतदाताओं के उस वर्ग को भी अपने साथ जोड़ने की कोशिश की, जो पिछले कुछ वर्षों में भाजपा से दूर जा रहा था।

कुल मिला कर अमित शाह की यात्रा झारखंड भाजपा के लिए टॉनिक का काम कर गयी। उनके दौरे से भाजपा के अंदर कुछ नेताओं के बीच कानाफूसी भी अब बंद होगी। वह कार्यकर्ताओं को भी यह संदेश दे गये कि भाजपा के लिए कार्यकर्ता कितने अहम हैं। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से ही भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गया था और उसने अपने दो कद्दावर नेताओं, शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा को झारखंड में तैनात कर अपना रुख साफ कर दिया था। इन दोनों नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ मिल कर पिछले साढ़े तीन महीने में जिस तरह पार्टी की चुनावी तैयारियों को नया रूप दिया है, उसमें अमित शाह का दौरा बूस्टर डोज का काम करेगा। अब यह प्रदेश भाजपा पर निर्भर है कि वह अमित शाह द्वारा जलाये गये परिवर्तन के अलख को कितना तेज कर पाती हैं। एक बात तय है कि झारखंड भाजपा के नेता इस परिवर्तन यात्रा से गांव-गिरांव को जितना अधिक जोड़ सकेंगे, उनकी चुनावी नाव का पार लगना उतना ही आसान होता जायेगा।

# बंगाल बॉर्डर पर वाहनों के रोके जाने पर बाबूलाल मरांडी ने कहा- आखिर चुप क्यों हैं हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धनबाद से सटे दीबूडीह (बंगाल) की सीमा को बंगाल सरकार की तरफ से सील किये जाने के बाद बंगाल और झारखंड में राजनीति बयानबाजी शुरू है। ममता सरकार का कहना है कि डीवीसी के बांधों से छोड़े गये पानी की वजह से बंगाल में बाढ़ के हालात हैं। इससे पहले भी ममता बनर्जी ने सीमा सील करने की बात कही थी। पिछले करीब 24 घंटे से बंगाल सीमा सील है। इस मामले पर अब बीजेपी की तरफ से बाबूलाल ने बयान दिया है।



**एक्स पर किया पोस्ट, कहा- हेमंत मामले पर क्यों हैं चुप :** अपने पोस्ट में बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड से बंगाल में प्रवेश करने वाले वाहनों को ममता बनर्जी की पुलिस ने पुरुलिया सीमा के पास रोक रखा है। ममता बनर्जी सरकार ने बंगाल में आयी बाढ़ के लिए डीवीसी को दोषी ठहराया है और झारखंड से आने वाले वाहनों को अगले तीन दिनों तक सीमा में प्रवेश करने से रोक दिया है। यदि बारिश बहुत ज्यादा होती है, तो झारखंड को पानी छोड़ना ही पड़ेगा, यह एक सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन, दीदी के इस असंवैधानिक कदम पर हेमंत सोरेन की चुप्पी आश्चर्यजनक है। कांग्रेस सरकार ने आज तक झारखंड में जितने भी डैम बनाये हैं, उसमें जमीन झारखंड की डूबी है। विस्थापन का दर्द आदिवासियों मूलवासियों को उठाना पड़ा है और बिजली पानी का लाभ बंगाल को मिल रहा है।

वाहन रोकने की इतनी बड़ी असंवैधानिक कार्रवाई कर ममता बनर्जी, हेमंत सोरेन और झारखंड को क्या संदेश देना चाहती हैं? नेशनल परमिट वाले वाहनों को बंगाल में घुसने के लिए क्या अलग से अनुमति लेनी होगी?

हेमंत सोरेन जी, क्या हमारा झारखंड सिर्फ बंगाल के रास्ते आये बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने के लिए है? ऐसी कौन सी मजबूरी है कि आप दीदी के इस गैर-जिम्मेदाराना और असंवैधानिक कदम पर मौन साधे हुए हैं?

ममता बनर्जी के तानाशाही निर्णय से झारखंड का जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। हेमंत सोरेन जी तत्काल संज्ञान लेकर उक्त मामले में हस्तक्षेप कर कड़ा कदम उठायें, अन्यथा राज्य की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।

### झारखंड पर ममता की भड़ास उतारना गलत: हिमंता बिस्वा सरमा

असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने भी बंगाल सरकार के रवैये पर सवाल उठाया है। कहा है कि बंगाल सरकार की विफलता की वजह से बंगाल के लोग बाढ़ से पीड़ित हैं। लेकिन मैं हैरान हूं कि ममता दीदी अपनी नाराजगी अपने अफसरों पर नहीं, बल्कि झारखंड की जनता पर निकाल रही हैं। वह राज्य की सीमा सील कर झारखंड की जनता को सबक सिखा रही हैं, और झारखंड के मुख्यमंत्री मौन हैं। केंद्र में भाजपा सरकार ने भी कहा है कि बंगाल की बाढ़ में झारखंड की कोई गलती नहीं है। यह विषय किसी राजनीतिक दल से जुड़ा नहीं है, यह झारखंड की जनता के सम्मान की बात है। लेकिन जेएमएम ने चुप्पी इसीलिए साधी है क्योंकि उनके लिए राजधर्म से बड़ा राजनीति का धर्म है। झारखंड की जनता को सोचना चाहिए कि जो पार्टी अपने राज्य की गरिमा की रक्षा नहीं कर पा रही है, क्या ऐसी पार्टी को आपको फिर से मौका देना चाहिए?

पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा झारखंड से आने वाले बड़े वाहनों की एंट्री रोकने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर करीब 10 किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लग चुकी है। हालांकि, यात्री बसों और छोटी गाड़ियों को दूसरे लेन से छोड़ा जा रहा है।

# भाजपा की चुनावी प्रयोगशाला है घाटशिला सीट

## जीतो या हारो, सिर्फ एक बार मिलता है मौका

**अरुण सिंह**

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के लिए घाटशिला विधानसभा सीट एक चुनावी प्रयोगशाला की तरह है। पार्टी इस सीट पर प्रत्येक विधानसभा चुनाव में नया प्रत्याशी उतार देती है। भाजपा ने वर्ष 1985 से घाटशिला सीट पर अपना उम्मीदवार उतारना शुरू किया था। एक के बाद एक हुए चुनावों में पार्टी कैंडिडेट पराजित होते रहे और अगली दफा मैदान में जोर-आजमाइश का पुनः मौका नेतृत्व ने उन्हें नहीं दिया। हद तो तब हुई, जब 2014 के चुनाव में पहली बार घाटशिला सीट फतह करने वाले लक्ष्मण टुडू को अगले चुनाव यानी वर्ष 2019 में उन्हें टिकट नहीं दिया गया। लक्ष्मण टुडू की जगह पार्टी ने स्थानीय युवा नेता लखन मार्डी को आजमाना बेहतर समझा था। बेशक लखन



मार्डी ने भाजपा के वोट में इजाफा कर बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन पार्टी को सीट दिलाने में असफल रहे थे। वैसे घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने मोहितोष बास्के, कुनाराम मुर्मू, गुरुचरण महाली, तहसीलदार हांसदा, बैजू मुर्मू, रामदास हांसदा और सूर्य सिंह बेसरा को भी समय-समय आजमाया है, किंतु न जाने किस चुनावी रणनीति के तहत इनमें से किसी को भी दुबारा अवसर नहीं दिया गया। कुल मिला कर घाटशिला सीट पर प्रयोग पर प्रयोग किया जाता रहा है। अब एक बार फिर विधानसभा चुनाव सामने है, तो राजनीति में रुचि रखनेवालों के बीच चर्चा है कि पार्टी लक्ष्मण टुडू या लखन मार्डी में से ही किसी एक को मौका देने को राजी होगी या फिर एक नया चेहरा मतदाताओं के सामने उतारेगी। वैसे इस बार भी नये चेहरे के तौर पर गीता मुर्मू, डॉ सुनीता देबदूत सोरेन, जिप सदस्य देवयानी मुर्मू, जिप सदस्य सुभाष सिंह, बुद्धेश्वर मार्डी, मुसाबनी के ब्लॉक प्रमुख एवं एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामदेव हेंब्रम अपनी-अपनी उम्मीदवारी के लिए आवेदन देकर वोटरों को साधने के प्रयास में जुटे हुए हैं। इन सबके अलावा भाजपा से टिकट की फेहरिश्त में एक नाम तेजी से शामिल हो चुका है और वह है बाबूलाल सोरेन का। बाबूलाल सोरेन झामुमो के केंद्रीय महासचिव रह चुके हैं और हाल ही में अपने पिता एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ इन्होंने भाजपा की सदस्यता ली है।

# षड्यंत्र यात्रा का शुभारंभ कर रही भाजपा : सुप्रियो

**अमित शाह के घुसपैठियों को उल्टा लटकाने वाले बयान पर सुप्रियो बोले- बीजेपी के एक-एक प्रत्याशी को उल्टा लटकाकर सीधा कर देगी जनता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा ने षड्यंत्र यात्रा का शुभारंभ किया है। इस यात्रा की मंजिल क्या है उन्हें भी नहीं पता। मंच से अमित शाह हेमंत बाबू, हेमंत बाबू कर रहे थे, आखिर यह कैसा डर है।



**झारखंड पर लगाये हैं गिद्ध दृष्टि :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अमित शाह को मैं सच बता देना चाहता हूं कि झारखंड की जनता आपकी पार्टी को उल्टा लटका कर सीधा कर देगी। चुनाव के दिन एक-एक आपके प्रत्याशी को उल्टा लटका कर सीधा कर देंगे। आपकी जो गिद्ध की नजर इस राज्य पर लगी है। उसका भी मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जायेगा। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर भी उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पिछले दिन यहां आये थे और कहा था कि हाइकोर्ट ने कमिटी का गठन किया है। अब बतायें कि बांग्लादेशी घुसपैठ कहां हो रहा है।

### ममता बनर्जी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं: झामुमो

बंगाल और बिहार के बीच मनमुटाव बढ़ता ही जा रहा है। डैम से पानी छोड़ने के बाद बंगाल सरकार ने झारखंड की ओर से जाने वाले माल वाहक वाहनों को बंगाल के बॉर्डर पर रोक दिया इसके बाद राज्य की राजनीति तेज हो गयी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से बयान देते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाल सरकार की मनोस्थिति ठीक नहीं है। हेमंत सरकार किसी के पास घुटना टेकने वाली नहीं है। बंगाल के मंत्री से वार्ता के बाद ही यह कदम उठाया गया। ममता दीदी की मानसिक स्थिति खराब हो गयी है। दीदी को थोड़ी संवेदनाएं रखनी चाहिए थी। अभी तो पानी छोड़ा गया था तो बंगाल में बाढ़ आ गयी, अगर डैम ही टूट जाता तो पूरा बंगाल का क्या होता है यह समझिए।

# उत्पाद विभाग की दौड़ में युवक की मौत, 8 बीमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में उत्पाद सिपाही बहाली के लिए शुक्रवार सुबह दौड़ की शुरूआत हुई। इस दौरान कड़ी गर्मी के कारण एक साथ आठ युवक बेहोश हो गये। एक युवक विरंची राय की मौत हो गयी।

सिपाही बहाली प्रक्रिया में जिले में यह पहली मौत है। बेहोश हुए आठ युवकों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल सभी बेहतर बताये जा रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी सदर अस्पताल पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी ली। जानाकारी मिलने के बाद भाजपा नेता विनय सिंह और माले नेता राजेश सिन्हा भी सदर अस्पताल पहुंचे। मृत युवक विरंची राय की जानकारी मिलने के बाद उसके कई साथी सदर अस्पताल पहुंचे।

सदर अस्पताल की व्यस्था पर आरोप लगाया। बताया गया कि मृत युवक विरंची राय गिरिडीह जिले के धनवार थाना के गादी गांव का रहने वाला था। शुक्रवार को उत्पाद विभाग के सिपाही बहाली में शामिल होने गिरिडीह के न्यू पुलिस लाइन पहुंचा था।

www.epaper.azadsipahi.in

21 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 331

कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी : मोदी



## हेमंत सरकार पर जम कर बरसे केंद्रीय गृह मंत्री

# सरकार बदल दो, घुसपैठियों को बाहर कर देंगे : अमित शाह

- साहिबगंज और गिरिडीह से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का किया शुभारंभ
- साहिबगंज में घुसपैठिये पर बोले, तो झारखंड धाम में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार पर बिफरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज/गिरिडीह।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आये थे। उन्होंने साहिबगंज और गिरिडीह में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। दोनों जगहों पर उन्होंने सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री हेमंत सरकार पर जम कर बरसे। साहिबगंज में घुसपैठिये पर बोले, तो गिरिडीह के झारखंड धाम में हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार पर निशाना साधा। इसके अलावा हेमंत सरकार के अधूरे वादे, रोजगार, युवा बेरोजगारी आदि पर भी प्रकाश डाला। इससे पहले वह भोगनाडीह पहुंचे। वहां संथाल के वीर सपूतों सिदो-कान्हू को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शहीदों के वंशजों से भी मुलाकात की। अमित शाह ने परिवर्तन यात्रा वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा के चुनाव सह प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

**घुसपैठियों को उल्टा लटका कर सीधा कर देंगे :** अमित शाह ने कहा कि आप झारखंड में सरकार बदल दो, हम यहां से बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर कर देंगे। उन्हें उल्टा लटका कर सीधा कर देंगे। उन्होंने कहा कि भगवान भला करे झारखंड हाइकोर्ट का, जिसने अभी-अभी घुसपैठ पर कमेटी बनाने का आदेश दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री का परिवर्तन नहीं करना है। झामुमो-कांग्रेस की जगह भाजपा की सरकार लाने का परिवर्तन नहीं करना है। परिवर्तन करना है, भ्रष्टाचारी सरकार हटाने का। यह सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। आदिवासी भूमि, आदिवासी बच्चियों, आदिवासी संस्कार को बचाने के लिए परिवर्तन करना है। इसके लिए घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर करना है। हम सिर्फ सीएम बदलना नहीं चाहते, हम झारखंड को बदलना चाहते हैं।

(संबंधित खबर पेज-7 पर)



### झामुमो, कांग्रेस, राजद के वोट बैंक हैं घुसपैठिये

अमित शाह ने कहा कि झारखंड 2024 के चुनाव के लिए भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा आनेवाले दिनों में गांव-गांव में जायेगी। घर-घर पहुंचेगी। परिवर्तन का संदेश देगी। उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिला में हिंदुओं और आदिवासी झारखंड छोड़ो के नारे लगते हैं। संथाल में आदिवासी जनसंख्या 44 प्रतिशत थी। अब हेमंत सोरेन के राज में 28 प्रतिशत हो गयी है। यह भूमि आदिवासी की है या बांग्लादेशी और रोहंगिया घुसपैठियों की है? केवल नरेंद्र मोदी और भाजपा ही झारखंड को बचा सकती है। लालू यादव की पार्टी, झामुमो और कांग्रेस का वोट बैंक घुसपैठिए हैं। वोट बैंक के डर से घुसपैठ को रोकते नहीं है।

### पेपर लीक करनेवालों को उल्टा लटकायेंगे

अमित शाह ने कहा कि हेमंत जी को सुनाई नहीं देता है। उन्होंने हर साल पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन नौकरी की जगह युवाओं को दौड़ा कर मारते रहे। जूनियर इंजीनियर का पेपर लीक हुआ, लैब असिस्टेंट का पेपर लीक हुआ, ग्रेजुएट लेवल की नौकरी का पेपर लीक हुआ। पैसा लेकर पेपर बांटते हैं। गरीब युवा आदिवासियों को नौकरी नहीं मिलती है। हम वादा करके जाते हैं कि सारे पेपर लीक वालों को उल्टा लटका कर सीधा करेगी भाजपा।

### हेमंत सरकार सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी

गृह मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार पूरे देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी सरकार है। कांग्रेस नेता धीरज साहू के घर से 350 करोड़ रुपये मिला। यह पैसा हमारे संथाल के गरीब गुरबों का है। कांग्रेस मंत्री आलमगीर आलम के नौकर के घर से 35 करोड़ मिला। एक हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला हुआ। 600 करोड़ का जमीन घोटाला हुआ। एक हजार करोड़ का खनन घोटाला हुआ। सेना की जमीन खा गये। 40 करोड़ का शराब घोटाला किया। ऐसी सरकार आदिवासियों का भला कैसे कर सकती है। विधवा बहनों को 2500 रुपये देने का वादा क्या हुआ? बेरोजगारी भत्ता मिला क्या?

### राज्य के लोगों के साथ अन्याय किया

गृह मंत्री ने गिरिडीह में भी हेमंत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने परिवर्तन यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि ये परिवर्तन मूलनिवासी, ओबीसी, आदिवासी, दलितों के जीवन में परिवर्तन करने के संकल्प की यात्रा है। इस सरकार ने झारखंड के युवाओं के साथ अन्याय किया। इस सरकार ने झारखंड के पिछड़े वर्ग, दलितों, आदिवासियों और माताओं-बहनों के साथ अन्याय किया। आज मैं कहने आया हूं कि उखाड़ के फेंक दो हेमंत सोरेन की सरकार को और कमल फूल की सरकार लाओ। मोदी जी के नेतृत्व में ये झारखंड हमारे देश का पहले नंबर का राज्य बनेगा। बाबा बैद्यनाथ इसी भूमि पर विराजते हैं, झारखंडी धाम के बाबा इसी भूमि पर विराजते हैं और यहां पर सभी लोग परेशान हैं।

### आपका पैसा लूट कर ले गयी इंडी गठबंधन सरकार

अमित शाह ने कहा कि मैं आप सभी को पूछना चाहता हूं कि किसी ने 350 करोड़ देखा है क्या? 30 करोड़ देखा है क्या? कल भाजपा की वेबसाइट पर चले जाना हम दिखायेंगे कि झारखंड के एमपी और आलमगीर के घर से निकला 350 करोड़ और 30 करोड़ कैसा दिखता है। ये पैसा हेमंत सोरेन ने कमाया है क्या? आलमगीर ने कमाया है क्या? ये पैसा आपका है। जो इंडी गठबंधन की सरकार लूट कर अपने घर ले गयी है। ये भ्रष्टाचार की गंगा इनके समुद्र तक नहीं पहुंचने देंगे। आप कमल फूल की सरकार बनाइये, इन भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटाका कर सीधा करने काम भाजपा करेगी।

## आइसीएआर के शताब्दी समारोह में शामिल हुई राष्ट्रपति

# झारखंड से विशेष लगाव, यहां आना तीर्थ यात्रा जैसा : द्रौपदी मुर्मू

**राष्ट्रपति ने शताब्दी समारोह में स्टॉलों का भी जायजा लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड के प्रति मेरा विशेष लगाव है। धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर आना मेरे लिए तीर्थ यात्रा के समान है। यहां के लोगों से बहुत स्नेह मिला है। राज्यपाल के तौर पर मैंने यहां कई वर्षों तक काम किया है। वह शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि खेती को लाभप्रद बनाने के अलावा 21वीं सदी में कृषि के समक्ष तीन अन्य बड़ी चुनौतियां हैं। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, संसाधनों का सतत उपयोग और जलवायु परिवर्तन। उन्होंने कहा कि द्वितीयक कृषि से जुड़ी गतिविधियां इन चुनौतियों से निपटने में सहायक हो सकती हैं। द्वितीयक कृषि में प्राथमिक कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन के साथ-साथ मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, कृषि पर्यटन आदि जैसी कृषि से जुड़ी अन्य गतिविधियां शामिल हैं। इससे पर्यावरण की रक्षा होगी और किसानों की आय भी बढ़ेगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में लाह का उत्पादन मुख्य रूप से आदिवासी समुदाय द्वारा किया जाता है। यह उनकी आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। उन्हें यह जान कर खुशी हुई कि राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान ने लाह, प्राकृतिक रेजिन और गोंद के अनुसंधान और विकास के साथ-साथ वाणिज्यिक विकास के लिए कई कदम उठाये हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी कदम आदिवासी भाई-बहनों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि एनआइएसए ने लाह की खेती में अच्छा काम किया है। लेकिन, अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हम और आगे बढ़ सकते हैं।

राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति मुर्मू ने शताब्दी समारोह में स्टॉलों का भी जायजा लिया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी मौजूद थे।

(संबंधित खबर पेज-7 पर)



## लखपति नहीं, करोड़पति दीदी बनाने का हो प्रयास: हेमंत सोरेन

**आइसीएआर के शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री ने किसानों को बिचौलियों से निजात दिलाने पर दिया जोर**

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज दीदियों को 'लखपति दीदी' बनाने की बात हो रही है। लेकिन मेरा कहना है कि 'लखपति दीदी' क्यों? वे 'करोड़पति दीदी' क्यों नहीं बन सकती हैं। दीदियों में 'करोड़पति दीदी' बनने की पूरी क्षमता और सामर्थ्य है। सिर्फ इसके लिए बेहतर नीति निर्धारण की जरूरत है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को नामकुम में आइसीएआर के शताब्दी समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृषि उच्चतर संस्करण संस्थान का 100 वर्ष हो रहा है। इन वर्षों में हालात कुछ ऐसे हुए कि बड़े पैमाने पर किसान खेतिहर मजदूर बनते चले गये। किसानों को खेतिहर मजदूर बनने से बचाने की आज आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है, ताकि किसानों के हित में बेहतर नीति निर्धारण के साथ कार्य हो सके।

(शेष पेज 04 पर)

## पत्रकार रवि प्रकाश का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**रांची (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल से उनकी तस्वीर साझा की है और कहा है कि जिंदादिल इंसान हमेशा अमर रहते हैं। आप बहुत याद आयेंगे रवि भाई। बता दें कि रवि प्रकाश लंबे समय से लंग कैंसर से पीड़ित थे। उनकी डेढ़ महीने से मुंबई में कार-टी सेल थेरेपी चल रही थी। रवि पिछले चार साल से इस बीमारी से जूझ रहे थे।

## हेमंत सोरेन सरकार की किसानों को सौगात

# धान खरीद पर मिलेगा 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस

**कैबिनेट की बैठक में 36 प्रस्तावों को मंजूरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के किसानों को बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट ने इस साल धान की खरीद पर 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में कुल 36 प्रस्ताव पारित किये गये। यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने दी। उन्होंने कहा कि इस साल छह लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

(शेष पेज 04 पर)

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज आयेंगे झारखंड

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर हजारीबाग और गढ़वा आयेंगे। वे सुबह 11 बजे हजारीबाग पहुंचेंगे। यहां भद्रकाली मंदिर में पूजा करने के बाद इटखोरी में भाजपा की हजारीबाग प्रमंडल के लिए परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद गढ़वा के लिए रवाना हो जायेंगे। यहां शाम 3 बजे नगर उंटारी प्रखंड के बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। साथ ही पलामू प्रमंडल के लिए भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखायेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

LAST 2 DAYS VISIT
EXHIBITION ON MINING, INFRASTRUCTURE, CONSTRUCTION MACHINERY, CRUSHER PLANT, STEEL AND ALLIED INDUSTRIES.
ENTRY & PARKING FREE
JHARKHAND MINING & INFRASTRUCTURE SHOW 2024
21st & 22nd SEPTEMBER 2024
UNLOCKING POTENTIAL, SHAPING SUCCESS
VENUE: PRABHAT TARA MAIDAN, HEC, DHURWA, RANCHI, JHARKHAND
TIMING : 10am to 6pm
www.jharkhandminingshow.com

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxilary Nurshing And Midwfery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

सूचना

21 और 22 सितम्बर, 2024 को Jharkhand Staff Selection Commission द्वारा झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (JGGLCCE-2023) का राज्यभर में विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजन कराया जा रहा है। अगर इस परीक्षा की प्रक्रिया के आयोजन को प्रभावित करने के लिए किसी भी स्तर पर किसी भी प्रबंध तंत्र, संस्था व व्यक्ति की संलिप्तता पायी जाती है तो उसके खिलाफ झारखण्ड सरकार द्वारा लाये गए कड़े कानून "झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023" के तहत कड़ी से कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

कृपया ध्यान दें

परीक्षाओं से संबंधित प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पत्रकों के संबंध में झूठी, भ्रामक एवं मिथ्या सूचना देने, प्रसारित एवं प्रकाशित करने वाले प्रबंध तंत्र, संस्था व व्यक्ति अपराध का दोषी समझा जाएगा और स्वयं के विरुद्ध अभियोग/मुकदमा चलाये जाने के लिए उत्तरदायी होगा तथा नियमानुसार दण्डित किया जाएगा।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R.336495(IPRD)24-25

## पेज 01 का शेष

### लखपति नहीं, करोड़पति दीदी बनाने ...

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस भौतिकवादी युग में किसानों को कृषि से जोड़े रखन, किसानों की आय में बढ़ोतरी, उन्हें वैकल्पिक खेती के साथ पशुपालन को बढ़ावा और प्रोत्साहन देने के लिए मजबूती से कदम उठाने की जरूरत है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हम संकल्प लें। किसानों के प्रति संवेदनाएं हमारे लिए शुरू से ही सर्वोपरि रही हैं। वैसे तो किसानों के लिए कई बड़ी-बड़ी बातें होती हैं। कागजों में भी आंकड़े अच्छे दिखाये जाते हैं। लेकिन, मेहनतकश किसान खेतों में कितना जद्दोजहद करते हैं, उसे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर देखा जा सकता है। किसानों के हालात कैसे बदलें, इस दिशा में गंभीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है।

**किसानों को लाह की खेती से जोड़ने पर जोर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का 50 से 55 प्रतिशत लाह उत्पादन करता है। लेकिन पहले हम 70 प्रतिशत लाह का उत्पादन करते थे। आज इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। बस इसके लिए किसानों को लाह की खेती से जोड़ने के लिए प्रोत्साहन और सुविधा उपलब्ध हो। इस कड़ी में हमारी सरकार लाह को कृषि का दर्जा दे चुकी है, ताकि लाह का उत्पादन, अनुसंधान, प्रसंस्करण, उचित मूल्य और बाजार उपलब्ध हो सके।

**किसानों को बिचौलियों से बचाना है:** हेमंत सोरेन ने कहा कि किसानों का खेती से बाजार तक का जो सफर है, उसमें बिचौलियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। लेकिन, दुर्भाग्य से देश में बिचौलियों की एक ऐसा शक्तिशाली जमात है, जो किसानों की मेहनत और गाढ़ी कमाई का एक बड़ा हिस्सा अपनी जेब में ले जाती है। किसानों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें बिचौलियों से हर हाल में निजात दिलानी होगी।

**किसानों को वैकल्पिक खेती से जोड़ने की हो रही पहल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पर्यावरण में बदलाव की वजह से मौसम में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी कम बारिश होती है, तो कभी ज्यादा तो कभी सुखाड़ की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित किसान होते हैं। उनकी परंपरागत खेती पर इसका सीधा असर दिखता है। ऐसे में किसानों को आज वैकल्पिक खेती के लिए राज्य सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इस दिशा में हमारी सरकार लगातार कार्य करती आ रही है, ताकि किसानों को हम आगे ले जा सकें।

### धान खरीद पर मिलेगा...

वित्तीय वर्ष 2024-25 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य साधारण धान के लिए 2300 रुपये प्रति क्विंटल और इससे ऊपर के धान के लिए 2320 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। इसमें 100 रुपये का बोनस मिलेगा।

**सरकारी कर्मियों का डीए बढ़ा:** कैबिनेट ने सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 16 फीसदी की वृद्धि के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। पेंशनधारियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों की महंगाई राहत में नौ फीसदी की वृद्धि की गयी है। यह लाभ 1 जनवरी 2024 से मिलेगा। इस फैसले के बाद अब पेंशनभोगियों की महंगाई राहत 230 प्रतिशत से बढ़ कर 239 प्रतिशत हो गयी है, जबकि सरकारी कर्मियों का डीए 427 प्रतिशत से बढ़ कर 443 प्रतिशत कर दिया गया है। एक अन्य फैसले के अनुसार 29604 जलसहिया को डीबीटी के माध्यम से 12 हजार रुपये कीमत का स्मार्टफोन देने की स्वीकृति दी गयी। इसमें 34.40 करोड़ का खर्च आयेगा।

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

♦ नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन शहरी स्थानीय निकायों में संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त करने के लिए 107 कनीय अभियंताओं को विभाग के आनुषंगिक इकाइयों निदेशालय के अधीन शहरी स्थानीय निकाय, झारखंड राज्य आवास बोर्ड, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, झारखंड खनिज विकास प्राधिकार और जुडको लिमिटेड में संविदा के आधार पर सेवाएं प्राप्त किये जाने की स्वीकृति दी गयी।

♦ बिरसा चौक रांची से धुर्वा गोल चक्कर और धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट भवन तक सड़क निर्माण के लिए 47.33 करोड़ के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति दी गयी।

♦ दुमका बाइपास को फोर लेन बनाने के लिए 97.05 करोड़ की योजना को पुनरीक्षित स्वीकृति दी गयी।

♦ बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हेथू रिंग रोड पथ 6.9 किमी रोड के लिए 280.60 करोड़ के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति दी गयी।

♦ धनबाद में आरएसपी कॉलेज के नये भवन निर्माण के लिए 67 करोड़ की योजना की स्वीकृति दी गयी।

♦ फार्मेसी कॉलेज बरियातू में बी फार्मा की पढ़ाई के लिए 32 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी।

♦ बोकारो में राजकीय पॉलिटेक्निक के पुनर्निर्माण इत्यादि के लिए 45 करोड़ की योजना स्वीकृत की गयी।

♦ बोकारो में नव निर्मित अभियंत्रण कॉलेज और गोड्डा में नवनिर्मित अभियंत्रण कॉलेज को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के रूप में संचालन की स्वीकृति दी गयी।

♦ जनगणना 2009 के नियम में संशोधन किया गया।

♦ ज्ञानोदय योजना अंतर्गत 291 उच्च उच्चतर महाविद्यालय में अतिरिक्त स्मार्ट क्लास संचालित करने की स्वीकृति दी गयी।

♦ पथ प्रमंडल चाइबासा अंतर्गत हाट गम्हरिया-बेनी सागर रोड (44 किलोमीटर) की राइडिंग क्वालिटी सुधारने के लिए 31.69 करोड़ योजना की स्वीकृति दी गयी।

♦ दुमका के सुंबेश्वर नाथ मंदिर में पहुंच पथ के लिए 38.27 करोड़ की स्वीकृति दी गयी।

♦ केंद्र के रिकंस्ट्रक्शन ऑफ मोहम्मदगंज टू हैदरनगर 17.37 किमी सड़क के लिए 92 करोड़ की स्वीकृति दी गयी। इसमें 23.36 करोड़ राज्यांश के तहत दिये जायेंगे।

♦ दुमका जिला के पोड़ैयाहाट में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए 39.51 करोड़ की स्वीकृति दी गयी।

## बीसीसीएल से रिटायर कर्मी की पत्नी को दिया गया आंबेडकर आवास

**चलकुशा/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में अजिबो गरीब मामला प्रकाश में आया है बताते चलें कि मोती देवी पति स्व संत नारायण सिंह बरियौन निवासी को 2023-2024 में अम्बेडकर आवास उपलब्ध कराया गया है। जबकि बीसीसीएल से नोकरी कर रिटायर किये हैं। वहीं मोती देवी के पुत्र शशि सिंह, रंधीर सिंह, अरूण सिंह के द्वारा निजी विधालय पारा माउंट पब्लिक स्कूल संचालित किया जा रहा है। उनके पुत्र लोगों का विधालय में बस भी चलता है। सभी तरह से सुखी संपन्न हो ने के बाद भी लोगों के लिए आये अम्बेडकर आवास में उलट फेर कर बीसीसीएल से रिटायर के पत्नी को आवास उपलब्ध कराना चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं सुबोध सिंह पिता सिद्धेश्वर सिंह बरियौन निवासी को गाय सेड मिला हुआ है। जिसमें टाइल्स मार्बल लगा हुआ है, और सिद्धेश्वर सिंह रेलवे से रिटायर कर वर्तमान में लगभग 40 हजार रुपये रिटायरमेंट का लाभ भी ले रहे हैं और गया शेड को गेस्ट रूम के तौर पर उपयोग किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण का कहना है कि आईसे लोगों के द्वारा सरकारी राशि का दुरपयोग किया गया है जिससे गरीबों का हक मारा जा रहा है इसकी जांच कर राशि की वापसी कर कार्रवाई होनी चाहिए।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 2024 को लेकर प्रशासन हाइ अलर्ट

# लॉज, हॉस्टल, होटल आदि की हो रही गहनता से जांच-पड़ताल

- सुगम और पारदर्शी तरीके के परीक्षा के संपादन के लिए पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था
- अभ्यर्थी अपने साथ वैध पहचान पत्र अवश्य रखें तथा आयोग के सभी दिशा निर्देशों का पालन करें : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आज और कल आयोजित होने वाले जेएसएससी सीजीएल 2024 परीक्षा के सफल और पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से हर बिंदुओं पर कार्य कर रहा है। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को लेकर निदेशित किया है। सीजीएल की परीक्षा के लिए हजारीबाग जिला में कुल 70 केंद्र बनाये गये हैं और हर केंद्रों की निगरानी के लिए 29 गश्ती दल सह उड़न दस्ता दल को क्रियाशील किया गया है। उपायुक्त ने परीक्षा का संचालन बेहतर तरीके से करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मेजिस्ट्रेट के रूप में एक-एक पुअनि सअनि के स्तर के कुल 70 पुलिस पदाधिकारी और तीन-तीन पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है और कुल 140 लाठी बल गृहरक्षक की तैनाती की गयी है। वही गश्ती-सह-उड़न दस्ता दल में पुअनि सअनि स्तर के कुल 29 पुलिस पदाधिकारी और 87 पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। परीक्षा के संचालन के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी है। जिला प्रशासन के द्वारा हजारीबाग जिला में परीक्षा के एक दिन पूर्व ही शहर के अलावे बरही, पदमा और अन्य सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्टहाउस, लॉज, हॉस्टल की गहनता से जांच की गयी है साथ इनके मालिक, मैनेजर की नोटिस देकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा हर एक परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, जिसे कंट्रोल रूम के द्वारा मॉनिटरिंग किया जायेगा।

हजारीबाग जिला में सभी 70 परीक्षा केंद्रों पर एचएचएमडी के द्वारा परीक्षार्थियों को चेकिंग कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया जायेगा। जेएसएससी परीक्षा के लिए एक कंट्रोल रूम (06546-264159/800252939) बनाया गया है, जिसपर किसी भी प्रकार संदिग्ध कार्यों और विधि व्यवस्था से संबंधित सूचना दी जा सकती है। प्रश्न पत्र की पूर्ण सुरक्षा के लिए दो पुलिस पदाधिकारी और रूट पर 2- 8 सशस्त्र बल को प्रतिनियुक्त किया गया है।

## सरकारी जमीन पर बना दी मीनार-मजार

- वन विभाग की जांच में हुई पुष्टी, ग्रामीणों ने बताया रात में जंगल में चल रहा निर्माण कार्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** गयपहाड़ी गांव सटे बड़कीटोला में एक समुदाय के द्वारा वन विभाग के जमीन पर मीनार और मजार बनाने का मामला सामने आया है। यहां अज्ञात लोगों के द्वारा करीब चार एकड़ वन भूमि पर जगह जगह मीनार और मजार बना दिया गया है। पिछले एक साल से इस क्षेत्र में निर्माण कराये जाने की बात कहीं जा रही है। ग्रामीणों की माने तो रात के अंधेरे में जंगल में निर्माण कार्य किया जा रहा है। जंगल में मीनार और मजार बनाये जाने की सूचना ग्रामीणों ने सीओ बरकट्ठा को भी दी है। पूरे मामले में वन विभाग ने संज्ञान लिया है और जांच में ग्रामीणों द्वारा बताया गये आरोप की सही पाये जाने की बात सामने आयी है। संभावना जताया जा रहा है कि इस मामले में वन विभाग भी प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। इस मामले को लेकर सलैया निवासी विजय प्रसाद ने आवेदन देकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। इसके बाद वन विभाग की ओर से भी एक जांच दल का गठन कर इसकी जांच कराने का मामला सामने आया है।

इस बाबत अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा से पुछे जाने पर बताये कि यह जमीन वन विभाग का है इसलिए इस पर वन विभाग ही कार्रवाई करेगा। इसकी सुचना मैं पत्र लिखकर वन विभाग को कर दिया हुं। इस बाबत वनपाल आनंद सिंह से पुछे जाने पर बताये कि यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। वह वन विभाग की जमीन पर ही कंस्ट्रक्शन किया गया है। इस पर हमलोग जांच कर रहे हैं जो भी व्यक्ति इसमें शामिल होगा उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### झारखंड में झारखंडियत स्थापित करने निकले हैं : श्रीराज मेहता

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत धरगांव पंचायत के वनपोक स्थिति खेल मैदान में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जेएलकेएम केंद्रीय उपाध्यक्ष श्रीराज मेहता के साथ साथ केंद्रीय सचिव अजय राणा जिला उपाध्यक्ष विकाश मिर्धा प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, विक्रम कुमार मेहता प्रखंड युवा अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। श्रीराज मेहता ने कहा कि धरगांव पंचायत में समस्याओं का अंबार पड़ा है। वनपोक गांव का मुख मार्ग गढों में तब्दील हो गया है स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, बिजली, का घोर अभाव है ऐसे में यहा के लोगों का जीना बहुत मुश्किल हो गया है। कोई भी जनप्रतिनिधि सुध लेने वाला नहीं है, वर्तमान सरकार निष्ठुर है। वर्तमान विधायक को जनता से कोई सरोकार नहीं, ऐसे में हम लोग पूरे झारखंड में व्यवस्था परिवर्तन करने निकले हैं।

### सकरी नदी में डूबे युवक का मिला शव

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना शुक्रवार की सुबह माधोपुर पुल से दो सौ मीटर पूर्व दिशा की ओर सकरी नदी के बीच बालू पर एक युवक का शव मिला। खोजबीन कर रहे परिजनों ने जाकर देखा तो शव की सौरभ कुमार उर्फ मोती पिता स्वर्गीय मनोज चौधरी के रूप में पहचान की गयी। इस संबंध में मृतक की मां बेबी देवी ने एक आवेदन के जरिये कहा है कि गुरुवार के शाम करीब 5 बजे सकरी नदी के मैसरवा घाट में सौरभ कुमार अपने तीन दोस्तों के साथ सौच के लिए गया था। जहां जहां हाथ मुंह धोने के दौरान तीनों डूब गये। दो को स्थानीय लोगों की मदद से निकाल लिया गया। सौरव कुमार का काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता ना चला। सुबह मैसरवा घाट से लगभग 3 किलोमीटर दूरी पर नदी के बीचो-बीच बालू के किनारे शव पर नजर पड़ी। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद नदी के बीच गहरे पानी से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सुपुर्द कर दिया। स्थानीय सकरी नदी घाट पर दाह संस्कार किया गया।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़-बगोदर सड़क मार्ग 522 स्थित चलनिया के समीप हजारीबाग की ओर से आ रही सानू सुधांशु बस के धक्के से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। वही दो गंभीर रूप से घायल हो गये। बस की रफ्तार से ऑल्टो कार की परखच्चे उड़ गये, जिसमे महिला टीचर मनीषा सिन्हा की मौके पर मौत हो गयी। वही फारुख अंसारी, सुपाना सेन दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। मृत महिला बेको उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय में 10 वर्षों से शिक्षकी थी। ऑटो कार से चार सभी शिक्षक प्रतिदिन हजारीबाग से आना-जाना करते थे। यह सड़क दुर्घटना शुक्रवार दोपहर साढ़े तीन बजे के आसपास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जाता है कि अल्टो कार में सवार फारुख अंसारी उम्र 45 निवासी ओरिया, सुपाना सेन उम्र 40 निवासी हजारीबाग, मनीषा सिन्हा उम्र 45 निवासी हजारीबाग सभी शिक्षक उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय बगोदर बेको से वापस अपने घर हजारीबाग लौट रहे थे, इसी दरमियान चलानिया के समीप हजारीबाग की ओर से आ रही तेज रफ्तार से सानू सुधांशु बस ने ऑटो कार को टक्कर मारते हुए भाग निकली। इसकी जानकारी विष्णुगढ़ थाने पुलिस को दी गयी। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर सभी को कब्जे में लेकर के सभी घायलों को जीप में डालकर इलाज हेतु विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर दोनो घायलों को बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग रेफर कर दिया गया है।

### बड़कागांव पहुंची विधायक और पूर्व मंत्री, दोनों समुदायों के साथ की बैठक

# दोषी जो भी हो, कार्रवाई सुनिश्चित करे जिला प्रशासन : अंबा प्रसाद

- बड़कागांव में लगातार घटना होना दुर्भाग्यपूर्ण, प्रशासन दोषियों को चिह्नित कर ऐसी घटनाएं रोके : योगेंद्र साव



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव के मध्य पंचायत में हुई सांप्रदायिक तनाव और घटना के बाद आपसी सद्भाव बिगड़ने के मामले पर विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव दिन शुक्रवार को बड़कागांव मध्य पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वही दिन बृहस्पतिवार को भी देर शाम पूर्व मंत्री ने घटनास्थल पहुंचकर लोगों को शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु अपील किया था। दिन शुक्रवार को बड़कागांव मध्य में हुई बैठक के दौरान गणमान्य लोगों के साथ बैठक करके ग्रामीणों की मौजूदगी में घटना की कड़ी भर्त्सना की। विधायक अंबा प्रसाद ने इस दौरान कहा कि इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले लोगों पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी चाहे वह कोई भी जाति चाहे कोई भी समुदाय का हो। बड़कागांव के लोगों के अमन चैन से खिलवाड़ करने वाले लोगों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। प्रशासन इस पर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस तरह की घटना किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। जो भी असामाजिक तत्वों द्वारा यह कुकृत अंजाम दिया गया है चाहे वो किसी भी समुदाय के हों उनको बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार मामले की जांच की जा रही है। मैं दोनों पक्षों से निवेदन करती हूं कि शांति व्यवस्था बनायें रखने में अपना सहयोग दें, सबसे ऊपर कानून हैं। इस तरह की घटनाओं से सिर्फ आम जनता को तकलीफ होती है इसलिए निवेदन है कि आपस में एक साथ रहिये और बड़कागांव की छवि खराब करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दीजिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि उक्त घटना पुलिस प्रशासन की लापरवाही से हुई है। बड़कागांव में लगातार इस तरह की घटना हो रही है जिस पर ठोस कदम उठाना चाहिए। पुलिस प्रशासन की चुंक से इतनी बड़ी घटना-घटित हुई, दोषी पदाधिकारी पर भी कार्रवाई सुनिश्चित हो। बड़कागांव के लोग अमन पसंद है, नफरत की आग में धकेलना नहीं दिया जायेगा।

## नवादा में दलितों के घर जलाने की घटना की जांच हो: प्रकाश रजक




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बिहार के नवादा जिला में असामाजिक तत्व और दबंग लोगों के द्वारा 80 दलित परिवारों का घर जला दिया गया। यह दुखद और शर्मनाक घटना है, इसकी जितना भी निंदा की जाये कम है, भाकपा जिला परिषद कोडरमा इस घटना को घोर निंदा करती है। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने इस घटना को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अभिलंब जांच कर अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने की मांग की है। इस घटना में प्रभावित उन दलित परिवार के पीड़ित लोगों को जिनके घर में आग लगायी गयी है उन्हें मुआवजा राशि के रूप में सरकार से 25 लाख रुपया सहायता राशि देने की मांग की गयी है, जिससे उन सभी पीड़ित परिवारों के जीवकोपार्जन चल सके। साथ ही सभी परिवारों को सुरक्षा दे, भविष्य में इस तरह की घटना दलित के साथ दोबारा घटना घटित न हो उसका भी सरकार भरोसा देने की काम करे।

## छात्रों को दी एल्बेंडाजोल की दवा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू विद्यालय बाघमारा में नर्सरी से लेकर दशम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं को कृमि को नाश करने के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी गयी। शुभारंभ विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, प्राचार्य प्रो दशरथ प्रसाद राणा ने स्वयं दवा खाकर किया। सर्वप्रथम प्रोफेसर श्री राणा ने अपने दवा खाकर विद्यार्थियों को दवा के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थी को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत लोगों को स्वस्थ बनाने की अच्छी पहल है। इस दवा के सेवन से मनुष्य के शरीर के अंदर की सभी तरह के अनावश्यक कृमि समाप्त होता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार विद्यार्थियों को यह दवा मुफ्त में खिलायी जाती है। आयरन की गोली से शरीर में संपूर्ण पोषक तत्व का पूर्ति होता है। आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में सभी विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल का दवा खिलायी गयी। विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव के द्वारा भी विद्यार्थियों को निर्देशित किया गया। मौके पर बीटीटी सुलेखा देवी, सहिया बबीता देवी, विद्यालय के शिक्षक महेश्वर पांडेय, श्याम सुंदर यादव, सिकंदर यादव, पिंटू कुमार पांडेय, महेश यादव, शंकर दास, प्रकाश यादव, सुजीत राज, सतीश कुमार, विनोद शर्मा, कपिल देव गुप्ता, विक्रम पांडेय, गायत्री कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## संत डॉ लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा की मनी 123वीं जयंती



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** संत डॉ लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा की 123वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर उनके तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उपस्थित लोगों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके पुत्र डॉ अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कई कार्य किये जिसमें उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ की स्थापना। डॉ सिन्हा विष्णुगढ़ में चिकित्सा के छेत्र में बेहतर कार्य किया, सुदूरवर्ती इलाके में गरीबों का नि:शुल्क इलाज करते थे। खेल जगत में बेहतर कार्य करते हुए मोहन बगान की टीम विष्णुगढ़ खेलने आयी। मौके पर उच्च विद्यालय के शिक्षक, मध्य विद्यालय के सभी शिक्षक, बालगोविंद प्रसाद, राजकुमारी सिन्हा, सविता सिन्हा, रामचंद्र नायक, चिंटू बरनवाल, संजीत मिश्र, ऋषभ सिन्हा, रीतू सिन्हा आदि शामिल थे।

## मुन्ना सिंह ने सदर विस सीट से दावेदारी पेश की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस की लोकसभा पर्यवेक्षक छाया वर्मा से कांग्रेस कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने हजारीबाग विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी पेश की और संगठन की मजबूती के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। मुन्ना सिंह ने पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक ढांचे पर बात करते हुए कहा की हजारीबाग में कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति और पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता हमें इस चुनाव में एक मजबूत स्थिति में खड़ा करती है। मैं पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभारी हूं, जिनके सहयोग से हम आगामी चुनाव में मजबूती से आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर मुन्ना सिंह के साथ उनके कई समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे, जो पूरे उत्साह और जोश के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं ने मुन्ना सिंह के प्रति अपना समर्थन जताया। मुन्ना सिंह लंबे समय से हजारीबाग में सक्रिय रहे हैं और उनकी सामाजिक तथा राजनीतिक लोकप्रियता जनता के बीच मजबूत रही है। इस मुलाकात के साथ उन्होंने झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग से कांग्रेस की जीत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी है।

## झुमरीतिलैया की जयश्री का लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में हुआ चयन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कहते हैं कि जब सपने बड़े होते हैं तो मेहनत भी बड़ी होती है। जयश्री ने सपने देखे, मेहनत किया तो मुकाम भी मिला। लंदन में स्थित विश्व प्रसिद्ध लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में प्रवेश के लिए चयन हुआ है झुमरीतिलैया देवी मंडप रोड निवासी डॉ अरुण मिश्रा और रीता मिश्रा की पुत्री जयश्री का। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विश्व स्तर पर आयोजित प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। प्रत्येक वर्ष यहां प्रवेश के लिए दर्जनों देश के लोग प्रवेश के मानदंडों को पूरा करने में लगे रहते हैं। यहां प्रवेश पाना किसी सपने को हकीकत में बदलने से काम नहीं है। डॉ अरुण मिश्रा ने बताया कि उनकी बेटी का चयन लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में मास्टर्स इन पब्लिक पॉलिसी कोर्स के लिए हुआ है। इसके लिए वह पिछले दो वर्ष से प्रयासरत थी। इस विश्व प्रसिद्ध संस्था में प्रवेश पाने वाली वह झारखंड की एकमात्र छात्रा है। जयश्री ने वर्ष 2008 में बिशॉप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल से दसवीं करने के बाद 2010 में डीएवी कोडरमा से सेकंड डिस्ट्रिक्ट टॉपर के साथ 12वीं की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वर्ष 2015 में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची से एलएलबी, वर्ष 2020 में यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया से डिस्टिंक्शन के साथ एलएलएम की शिक्षा हासिल की। इसके बाद जयश्री ने प्रतिष्ठित कंपनी ईवाई, आइसीआइसीआइ बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, सिटी बैंक, करकिनोस हेल्थ केयर में बतौर सीनियर लीगल एडवाइजर के रूप में कार्य किया। अब लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में चयन होने के बाद कई बड़ी कंपनियों ने जयश्री को जॉब ऑफर करना शुरू कर दिया है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 21 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
05

# परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर चतरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह गुड्डु की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री प्रदीप महतो और समापन मंडल महामंत्री दिनेश गोप द्वारा किया गया। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम से की गयी। बैठक में केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, के चतरा आगमन को लेकर उपस्थित सभी सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में जिला मंत्री प्रभु नाथ सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनामिका गुप्ता, प्रदेश मंत्री निशा कुमारी, जिला मंत्री सह मंडल प्रभारी चंपा देवी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सरयू राय, चंद्रपाल पाठक, धर्मनाथ ठाकुर, विधान सभा विस्तारक संजय दास, और चतरा ग्रामीण मंडल के सम्मानित मंडल के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, और सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

# सीसीएल कुजू कोलियरी को सुचारू रूप से चलाने को लेकर बैठक आज

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू कोलियरी के माइनिंग लीज अंतर्गत खुली खदान को सुचारू रूप से चलाने और आरएंडआर संबंधी विषयों को लेकर 21 सितंबर शनिवार को परियोजना कार्यालय में बैठक रखी गयी है। उक्त आशय की जानकारी परियोजना पदाधिकारी अभिमन्यु सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि आयोजित बैठक में पोखरिया और मुरपा के सभी रैयत और जनप्रतिनिधियों को शामिल होने का आग्रह किया है।

# भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में पौधरोपण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बरका सयाल महिला समिति के द्वारा भुरकुंडा अस्पताल परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत दजर्नो फलदार पौधे लगाए। समिति की अध्यक्षा सुधा सिंह ने बताया की अर्पिता महिला मंडल सीसीएल मुख्यालय रांची के निर्देशानुसार बरका सयाल महिला समिति क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्य कर रही है। और लोगों को प्रेरित कर रही है कि सभी लोग अपने मां के नाम के पौधे को रोपे और उसे संरक्षित करें। उन्होंने कहा की मानव जीवन तभी सुरक्षित है जब पेड़ सुरक्षित है। मौके पर समिति की सचिव सुनीता त्यागी, वेलफेयर सचिव शोभा मुंडा, मोना सिंह, प्रीति सेनगुप्ता, बबिता कुमारी, पारोमिता गुप्ता, नंदिनी कुमारी, रिंकू सिंह, अपराजिता सिंह, सुधा सिंह, अनिशा सिंह, संगीता वर्णवाल सहित डॉ एके टोप्पो, डॉ एम आफताब, डॉ रिया कुमारी, फारूक रजा, ललन प्रसाद, राहुल झा, चेतन कुमार, दिवाकर, नेहा कुजुर, मुन्नी, सबिता, आरती और केदार राम मौजुद थे।

# 22 को चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में उरीमारी क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता होंगे शामिल




**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** 22 सितंबर को बड़कागांव के +2 हाई स्कूल के फुटबॉल मैदान में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र स्तरीय आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में उरीमारी क्षेत्र के गरसुला पंचायत, पोटंगा पंचायत एवं उरीमारी पंचायत से सैकड़ों की संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को उरीमारी जरजरा चौक में तीनों पंचायत के आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक केंद्रीय सदस्य सुनील उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें तीनों पंचायत से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनायी गयी। बैठक में मुख्य रूप से बिनोद करमाली, अशोक बेदिया, दिलीप मांझी, विक्की करमाली, भोला बेदिया, अरविंद ठाकुर, राजू बेदिया, अनिल करमाली, निखिल मांझी, मंटू मुर्मू, नरेश मुर्मू, सुनील हांसदा, कोका मांझी मौजूद थे।

# वार्षिक आम सभा का आयोजन



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झारखंड स्टेट सोसाइटी के अंतर्गत चल रहे आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के तत्वधान में सखी मंडल के दीदी के बीच वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू, एसबीआई शाखा प्रबंधक, वार्ड सदस्य रवि कुमार, पीआरपी नीतीश कुमार यादव, सीसी तनु भारती, संकुल संगठन अध्यक्ष मोनिका देवी, सचिव करुणा देवी, बीआरपी, लेखापाल समेत सखी मंडल के काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुए। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 का ऑडिट रिपोर्ट, प्राप्त भुगतान, आय - व्यय पढ़कर सुनाया गया और वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट का अनुमोदन किया गया। आगामी वित्तीय वर्ष का कार्य योजना प्रस्तुत किया गया।

# रामगढ़ में अनाज घोटाला, गोदाम से गायब हो गये आठ करोड़ के चावल-गेहूं

**डीसी ने डीएसओ को सहायक गोदाम प्रबंधक पर कार्रवाई करने का दिया आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**फर्श पर बिखरे थे चावल-गेहूं, सड़ गये 300 बोरी अनाज**

**डीसी चंदन कुमार ने बताया कि 18 सितंबर को जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रिना कुजूर के द्वारा झारखंड राज्य खाद्य निगम गोदाम का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां भंडारित खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन भी किया गया। इस दौरान वहां फर्श पर 167 क्विंटल अनाज बिखरे हुए और सड़े हुए हालात में पाये गये। जिसे लगभग 300 बोरियों में भरा गया है।**

**रामगढ़।** जिले में घोटालेबाजों पर लगातार गाज गिर रही है। स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, प्रखंड कार्यालय हो या फिर जिला आपूर्ति कार्यालय, कहीं भी घोटालेबाजों को बक्शा नहीं जा रहा। डीसी चंदन कुमार की सक्रियता से अनाज घोटाला भी उजागर हो गया है। शहर के मरार स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम से लगभग 8 करोड रुपये के अनाज गायब हो गये हैं। गोदाम से 14699.35 क्विंटल चावल और गेहूं गायब है। इस गोदाम में वर्ष 2019 के बाद से अब तक के कोई दस्तावेज अपडेट नहीं हुआ है। डीसी चंदन कुमार ने कार्रवाई करने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया है। डीसी ने बताया कि अभी इसकी पूरी रिपोर्ट बनायी जा रही है। इसकी और गंभीरता से जांच होगी, ताकि किसी भी स्तर पर घोटालेबाजों को राहत न मिल सके।

**पांच वर्षों से अपडेट नहीं हुए दस्तावेज, खाद्यान्न का नहीं मिला स्टॉक:** औचक निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने यह पाया कि फरवरी 2019 से अक्टूबर 2024 तक जितने भी खाद्यान्न विभिन्न योजनाओं के तहत इस गोदाम को आवंटित किये गये थे, उसका कोई रिकॉर्ड अपडेट नहीं है। उन्होंने बताया कि कल 14699.35 क्विंटल खाद्यान्न जिसमें चावल और गेहूं शामिल है वह नहीं पाये गये हैं।

**पंजी देने से गोदाम प्रबंधक ने किया इनकार:** जांच के दौरान गोदाम से संबंधित आगत, निर्गत और भंडारण पंजी की मांग की गयी, परंतु प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली ने देने से साफ इनकार किया। साथ ही गोदाम प्रबंधक ने सारे दस्तावेज घर पर रहने की बात भी कही। इसके अलावा कुछ बोरों में भरे खाद्यान्न को जानबूझकर सड़ाने का प्रयास किया गया। आवंटित खाद्यान्न के विरुद्ध वितरण के पश्चात अवशेष मात्रा अनुसार खाद्यान्न गोदाम में नहीं पाया जाना खाद्यान्न कालाबाजारी की संभावना को प्रबल करता है, जो अत्यंत गंभीर मामला है।

**एक दर्जन से अधिक बार मांगा गया रिपोर्ट:** जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली से दर्जनों बार स्पष्टीकरण मांगा गया है।

**24 घंटे के अंदर दे जवाब, नहीं तो होगी प्राथमिकी:** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने को कहा है। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2019 से अब तक आगत, निर्गत और भंडार पंजी के साथ उपस्थित होकर जवाब दें। अन्यथा यह माना जायेगा की आप दोष को स्वीकार करते हैं और आपके विरुद्ध निलाम पत्र वाद दायर करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत खाद्यान्न कालाबाजारी, सरकारी दस्तावेज को छुपाने आदि के आरोप में प्राथमिक की दर्ज और प्रपत्र 'क' गठित कर निलंबन की कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी।

# पशु कृषि गर्भाधान कर्मचारियों ने पूर्व विधायक को सौंपा मांग पत्र

**पशु कृषि गभार्धान कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का करूंगी प्रयास: ममता देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिला के पशु कृषि गभार्धान कर्मचारियों ने रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी से मुलाकात की और संपूर्ण झारखंड के कर्मचारियों की चार सूत्री मांगों के संदर्भ में जानकारी देते हुए मांग पत्र सौंपा। विगत 20 अगस्त 2024 से झारखंड के सभी पशु कृषि गर्भाधान कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिससे राज्यभर में एएलपीडी काल्विंग, पशु टीकाकरण, बंध्याकरण, पशुगणना-2024, और प्राथमिक पशु चिकित्सा जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारियों की प्रमुख चार मांगे है। जिसमें एआइ कर्मचारियों का न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित किया जाये और 2019 से बकाया राशि का शीघ्र भुगतान हो, वर्षों से पशुपालन विभाग में कार्यरत एआइ कर्मचारियों के लिए नियमावली तैयार की जाये और वरीयता सूची निर्गत की जाये, पशुपालन विभाग में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर एआइ कर्मचारियों को वरीयता के आधार पर नियमित किया जाये, वर्तमान मानदेय, प्रोत्साहन राशि, और देय बीमा लाभ का ससमय भुगतान सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था सरल की जाये आदि शामिल है। पूर्व विधायक ममता देवी ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वह जल्द राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिलकर अवगत कराने और इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल करने का भरोसा दी।

# महिलाओं की भागीदारी विषय पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज / चतरा।** नावाडीह पंचायत के पुराने पंचायत कार्यालय में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास में महिलाओं की भागीदारी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन पिरामल फाउंडेशन और मुखिया के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना और सामाजिक विकास में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा करना है। कार्यशाला में पंचायत की मुखिया बसंती पन्ना, महिला पंचायत सदस्य, आंगनवाड़ी सेविकाएं, सहिया, जलसहिया, जेएसएलपीएस पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो अमित एवं स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। प्रस्तावना भाषण में पंचायत की मुखिया ने महिलाओं की भूमिका को समाज के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो समाज का हर वर्ग आगे बढ़ता है। इस मौके पर पीपीटी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का महत्व और सामाजिक नेतृत्व करने वाली महिलाओं के बारे में जानकारी दी गयी। अंत में, उपस्थित महिलाओं ने मिलकर एक संकल्प लिया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगी। पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो अमित खोब्रागडे ने कहा कि, जब महिलाएं सक्रिय रूप से विकास प्रक्रिया में शामिल होती हैं, तो यह न केवल उनके अधिकारों और अवसरों को बढ़ाता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी योगदान करता है।

# पिछड़ों की समस्या को लेकर एसपी से मिले आयोग के अध्यक्ष, चार शिकायतों पर हुई चर्चा

**अधिकतर मामले जिला प्रशासन से जुड़े हुए थे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो के नेतृत्व में दो दिनों से रामगढ़ जिले के दौरे पर है। पहले दिन जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की। दूसरे दिन शुक्रवार को पुलिस प्रशासन से जुड़े मामलों को लेकर एसपी अजय कुमार और पुलिस के अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि पिछड़े वर्गों से जुड़े हुए लोगों ने आयोग में शिकायत की थी। अधिकतर मामले जिला प्रशासन से जुड़े हुए थे। पुलिस प्रशासन से जुड़ा हुआ मात्र चार मामले थे, जिस पर चर्चा हुई। जिला पुलिस प्रशासन का सहयोग रामगढ़ जिले में आम नागरिकों को मिल रहा है। साथ ही हर समुदाय वर्ग को न्याय देने का काम किया जा रहा है। इस बैठक में आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव, नंदकिशोर मेहता, सदस्य सचिव कृष्णा कुमार सिंह भी उपस्थित हैं।

**दस्तावेजों के साथ आयोग में आकर समर्पित करने का निर्देश:** अग्रतर कार्रवाई की आयोग ने ली जानकारी आयोग के अध्यक्ष ने एक-एक कर मामलों की सुनवाई की। संबंधित अग्रतर कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया। इस दौरान कई मामलों में अग्रतर कार्रवाई से संबंधित दस्तावेजों के साथ आयोग में आकर समर्पित करने का निर्देश भी दिया गया है।

**सदर अस्पताल का लिया जायजा, मरीजों से की बात :** योगेंद्र प्रसाद महतो ने सदर अस्पताल रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इलाजरत मरीजों से भेंट की और हालचाल लिया। साथ ही चिकित्सकों से उनकी स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान मरीजों के साथ अस्पताल में उपस्थित परिजनों ने भी अपनी शिकायतों से अवगत आयोग को अवगत कराया। अस्पताल प्रभारी को सामने आये मामलों पर कई दिशा निर्देश दिये गये हैं।

# बीडीओ ने की पंचायत समिति के साथ बैठक

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ निखिल गौरव कमान कश्यप की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य, मुखिया और पंचायत सचिव शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से इटखोरी में मुख्यमंत्री आगमन को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही अबुआ आवास और मुख्यमंत्री मंईया योजना के लाभूकों की सूची तैयार करने और मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्त्रि पत्र वितरण को लेकर जानकारी दी गयी। इसके अलावा प्रत्येक पंचायत से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया गया। बैठक में पंचायत सचिव को अनुपस्थित रहने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। बैठक में बीडीओ, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव, मुखिया योगेंद्र यादव, संजय सिंह, मदन चौधरी, दूधनाथ यादव, और मुखिया प्रतिनिधि सुनील रजक, सोनी देवी, चैतू यादव, सतेन्द्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य अरविंद सिंह, लखन दास , कंचन भारती और पंचायत सचिव उपस्थित थें।


## AFFIDAVIT

As per Affidavit No.:3371, Date 14.08.20241, RAGHUNATH MANJHI, AADHAR NO. 5440 9903 7773, son of Kali Charan Manjhi, aged about 54 years, by faith-Hindu, R/o Vill-Sundaro, P.O- Chilgadda, Araju, P.S-Jaridih, Dist-Bokaro, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows:-
1. That, my actual and correct name is **RAGHUNATH MANJHI** which is mentioned in her Aadhar Card and other documents.
2. That, in my Bank of India, Jainamore More Branch vide A/c No. 479810110005164 my name has been mentioned as **RAGHU NATH HANSDA.**
3. That, **RAGHUNATH MANJHI & RAGHU NATH HANSDA** both the names are one and same person i.e. myself.
1. That, I am swearing this affidavit to submit it before the authority concerned and for needful purpose.
2. That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concern and for needful purpose.

## शपथ-पत्र

शपथ पत्र सं.: 5831, दिनांकः 19.09.2024 के अनुसार मैं, स्वप्निल स्वरूप (आधार सं.-6125 9968 7173), पिता-राम स्वरूप प्रसाद, उम्र लगभग 26 वर्ष, निवास स्थान - फ्लेट नं.-306, ब्लॉक 1, प्लाम, रिविएरा, अमर प्रकाश, तिरूमुदिवक्कम, तिमुदिवक्कम, कांचीपुरम, तामिलनाडू पिन-600044 एतद् द्वारा सत्यनिष्ठापूर्वक व शपथपूर्वक बयान व घोषणा करता हूं:-
1.यह कि मैं जन्म से भारतीय नागरिक हूँ एवं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2.यह कि मेरी माताजी - **अंजू स्वरूप** है मेरी माताजी के आधार सं.-7481 4069 7930 में अंकित है। तथा मेरा माता का नाम - **अर्पणा प्रसाद** हैं, दोनों नाम मेरे माताजी का ही हैं।
3.यह कि **अंजू स्वरूप उर्फ अर्पणा प्रसाद** दोनों नाम एक ही महिला का है जो मेरी माताजी हैं, दोनों नामों से मेरी माताजी जानी जाती है।
4.यह कि मैं उक्त **अंजू स्वरूप** मेरी माताजी का नाम को सत्यापित करने हेतु इस शपथ-पत्र का निष्पादन कर रहा हूँ।

## भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha. India

**विज्ञापन संख्या/ ADVERTISEMENT No.-26/SH/2024-25**

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"चुने हुए प्रक्षेत्रों में और बागवानी फसलों की उच्च उत्पादकता हेतु संकर फसलों (चावल) की संकर प्रैद्योगिकी पर आईसीएआर कंसोर्टियम अनुसंधान मंच"** (ईएपी-209) परियोजना के लिए एक (01) स्किल्ड हेल्प के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षातकार दिनांक कृमश: 15.10.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तो के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https//icar-nrri.in** पर उपलब्ध है ।

Walk-in-Interviews will be held on 15.10.2024 for selection of **one (01) Skilled Help** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"ICAR-Consortium research platform on hybrid crops (rice) hybrid technology for higher productivity in selected field and horticulture crops" (EAP-209)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in**.

**प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR**

## Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement very Short Notice**
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**24**/24-25 Dated **19.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road - Rahe-Sita fall road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Ranchi in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 16.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document**: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :**- Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand ) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 23.09.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 01.10.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 04.10.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi
PR 336329 Road(24-25)D

## Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement very Short Notice**
e-Tender Reference No .- RCD/FSD /AP/ RAN/**26**/24-25 Dated **19.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road-Deer-Park (on Ranchi-Muri road) ramdera to Silli-Tikar-Rangamati road upto Banta (Silli bypass road) including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Ranchi in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 10.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :**- Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand ) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 23.09.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 01.10.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 04.10.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in
**Executive Engineer**
**Field Survey Division, A.P**
**Road Construction Department, Ranchi**
PR 336305 Road (24-25)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10 वर्ष 2024–25**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 27.09.2024 को 5:00 बजे अपराह तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.09.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 28.09.2024 को 3:30 बजे अपराह्न से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान
8. कार्य की विस्तृत विवरणी –

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण–विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 7 |
| 1 | Construction of 200 mm X 165 MM X 200.00 Mtr Deep High Yield Drilled Tube Well With 1.5 H.P Submersible Pump and 2000 Ltr HDPE Water Tank on "TurnKey Basis" Under D.W & S. Division, Chatra (Head-DMFT) | HYDT/SCBBAV/CTR -01 | 4,12,952/- | 8,500/- | 750/- | एक माह |
| | | HYDT/KGBAV/LAW -02 | 4,12,952/- | 8,500/- | 750/- | एक माह |
| | | HYDT/KGBAV/PTP -03 | 4,12,952/- | 8,500/- | 750/- | एक माह |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
PR 336325 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

# साथ मिले तो बात बने

एक देश, एक चुनाव पर कोविंद कमेटी की सिफारिशों को मान कर केंद्र सरकार ने भले पहला कदम बढ़ा दिया हो, लेकिन असल चुनौती अब आने वाली है। राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए इस मसले पर विपक्ष को अपनी तरफ करना और इस योजना के व्यावहारिक पक्षों को देखना, ये दो बातें हैं, जो तय करेंगी कि सरकार अपने इस विजन को अमली जामा पहनाने में कितना सफल हो पाती है।

**विपक्ष कैसे मानेगा :** सरकार शीत सत्र के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़ा प्रस्ताव संसद में पेश करने की सोच रही है। लेकिन इसके लिए आवश्यक संख्याबल उसके पास नहीं है। इसका मतलब है, उसे विपक्षी खेमे के सहयोग की जरूरत पड़ेगी। इस लोकसभा चुनाव के बाद से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का रिश्ता रहा है, उसे देखते हुए तो यह उम्मीद व्यावहारिक नहीं लगती कि विपक्ष इस मामले में किसी तरह का सहयोग करेगा।

**आजादी के बाद देश में पहले चार चुनाव इसी तर्ज पर हुए थे। उसके बाद भी काफी समय तक यह स्थिति बनी रही, लेकिन तब परिस्थितियां दूसरी थीं। केंद्र और राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार थी। क्षेत्रीय दलों के ताकतवर होने से राजनीतिक विविधता आयी है हमारे पॉलिटिकल सिस्टम में।**

**पक्ष में तर्क :** इस मामले पर विचार के लिए बनी उच्च स्तरीय कमेटी ने 62 राजनीतिक दलों से संपर्क किया था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 दल पक्ष में थे और 15 ने विरोध किया। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के पीछे सबसे बड़ा तर्क है कि इससे खर्च में कटौती होगी। और यह तर्क भी जोरदार है कि अभी लगभग हर वक्त ही देश के किसी न किसी हिस्से में चुनावी माहौल चल रहा होता है, जिसके चलते विकास कार्य प्रभावित होते हैं। यह बात भी सही है कि एक साथ चुनाव उन छोटे दलों के लिए सुविधाजनक होंगे, जिनके पास बार-बार प्रचार में उतरने लायक पैसे नहीं होते।

**संसाधन कैसे जुटेंगे :** बार-बार चुनावों के खर्च से बचने का तर्क अपनी जगह ठीक है, लेकिन यही तर्क इस प्रस्ताव के खिलाफ भी काम करता है। सवाल यह है कि पूरे देश में इलेक्शन कराने के लिए जितने बड़े पैमाने पर संसाधन चाहिए, क्या उसे जुटाया जा सकेगा? हालिया लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए थे। राज्यों के विधानसभा चुनाव भी अलग-अलग चरणों में कराने पड़ रहे हैं।

**राजनीतिक विविधता :** आजादी के बाद देश में पहले चार चुनाव इसी तर्ज पर हुए थे। उसके बाद भी काफी समय तक यह स्थिति बनी रही, लेकिन तब परिस्थितियां दूसरी थीं। केंद्र और राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार थी। क्षेत्रीय दलों के ताकतवर होने से राजनीतिक विविधता आयी है हमारे पॉलिटिकल सिस्टम में। देश के हर राज्य की अपनी जरूरतें हैं और अपने मुद्दे। हर चुनाव इन खास मुद्दों के इर्द-गिर्द लड़ा जाता है। किसी भी बदलाव में देश की इस अनेकता का ध्यान रखा जाना चाहिए, क्योंकि यही तो हमारी ताकत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, जिस परदेश की कृषि-अर्थव्यवस्था केंद्रित है, परंपरा और आधुनिकता के संगम-बिंदु पर स्थित परिवर्तनकारी क्षमता का प्रतीक है। कटाई, छंटाई और श्रेणी-निर्धारण से लेकर पैकेजिंग, संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन तक की गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करते हुए, खाद्य प्रसंस्करण कृषि और वैश्विक बाजार के बीच की खाई को पाटने में उत्प्रेरक का काम करता है। खाद्य प्रसंस्करण की प्रक्रिया में हमारे खेतों की कच्ची उपज को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उत्पादों में बदला जाता है, जिससे भारत आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है।**

# वर्ल्ड फूड इंडिया 2024: भव्यता की पृष्ठभूमि



**चिराग पासवान**




भारत में खाद्य प्रसंस्करण की यात्रा, देश की सदियों पुरानी बुद्धिमत्ता और प्रगति को अपनाने की क्षमता को दर्शाती है। अचार बनाने और खाद्य पदार्थ सुखाने की प्राचीन परंपराओं से लेकर आज की परिष्कृत तकनीकों तक, भारत ने अपनी समृद्ध पाक-कला विरासत को आधुनिक प्रगति के साथ सहजता से मिश्रित किया है। यह यात्रा सिर्फ लोगों को खाना खिलाने के बारे में नहीं है, बल्कि भारत की पाक-कला पहचान को परिभाषित करने वाले विविध और जटिल स्वादों का उत्सव मनाने से भी गहराई से जुड़ी हुई है।

भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, जिस परदेश की कृषि-अर्थव्यवस्था केंद्रित है, परंपरा और आधुनिकता के संगम-बिंदु पर स्थित परिवर्तनकारी क्षमता का प्रतीक है। कटाई, छंटाई और श्रेणी-निर्धारण से लेकर पैकेजिंग, संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन तक की गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करते हुए, खाद्य प्रसंस्करण कृषि और वैश्विक बाजार के बीच की खाई को पाटने में उत्प्रेरक का काम करता है। खाद्य प्रसंस्करण की प्रक्रिया में हमारे खेतों की कच्ची उपज को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उत्पादों में बदला जाता है, जिससे भारत आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है।

**वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 बदलाव का अग्रदूत, वैश्विक मंच पर भारत के उत्थान का प्रतीक और इस क्षेत्र की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण बन कर उभर रहा है।**

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने इस क्षेत्र की क्षमता को पहचाना है, जिससे देश आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है।

उन्होंने समय-समय पर कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के बीच सहजीवी संबंध को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है तथा मूल्य संवर्धन और तकनीकी नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया है। उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक बाजारों की खोज करने के उनके आह्वान की प्रतिध्वनि मंत्रालय द्वारा की गई पहलों में परिलक्षित होती है। किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि-खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने का मिशन, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की सफलता से आंतरिक रूप से जुड़ा हुआ है, जो भारत की कृषि संपदा को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के साथ जोड़ने का माध्यम है।

2047 तक विकसित भारत के आह्वान में, एक ऐसे भारत की परिकल्पना की गयी है, जो समृद्धि, नवाचार और सतत विकास के प्रकाश-पुंज के रूप में उभरने के लिए अपनी चुनौतियों से पार पा चुका है। इस विजन के केंद्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र है, जो खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, रोजगार सृजन करने और निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

चूंकि हम एक नये युग की दहलीज पर खड़े हैं, जो 2047 तक विकसित भारत के कालखंड में प्रवेश करेगा, इसलिए भारत के कृषि कौशल को वैश्विक महाशक्ति बनाने से संबंधित हमारे प्रधानमंत्री का विजन, आगामी वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में स्पष्ट रूप से व्यक्त होगा, जिसे मेरा मंत्रालय 19 से 22 सितंबर 2024 तक भारत मंडपम, नयी दिल्ली में आयोजित कर रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन, नवाचार, उद्यमिता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का एक वास्तविक संगम है, जो एक पुनरुत्थानशील और समृद्ध भारत की दिशा में आगे बढ़ने के मार्ग को रोशन करने वाले एक प्रकाश-पुंज के रूप में कार्य करता है और अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरी तरह से साकार करता है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 की शानदार सफलता वैश्विक खाद्य परिदृश्य में भारत के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। यह एक ऐसा आयोजन था, जिसमें वैश्विक विचारक, उद्योग जगत के दिग्गज और नीति निमार्ता एक मंच पर आये। यह आयोजन नवाचार का वास्तविक भंडार था, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, पैकेजिंग समाधान और सतत विकास से जुड़े तौर-तरीकों की नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में भारत की पूरी क्षमता का प्रदर्शन किया गया, जिसने निवेश आकर्षित किया और साझेदारी बनायी। इसने 2024 में और भी भव्य आयोजन के लिए मंच तैयार किया।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 खाद्य प्रसंस्करण इकोसिस्टम के सभी घटकों को शामिल करने के लिए अपने दायरे का विस्तार करने के साथ, इस विरासत को आगे बढ़ाने का वादा करता है। बीज से लेकर दुकानों तक, उद्योग के हर पहलू को सावधानीपूर्वक तैयार और प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, सहयोग बनाने और नये बाजारों को तलाशने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। यह आयोजन भारत के लिए गुणवत्ता, नवाचार और सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिससे खाद्य प्रसंस्करण के वैश्विक केंद्र के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में व्यवसायों, उद्यमियों और हितधारकों के लिए, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में भागीदारी केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। यह आयोजन उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों से जुड़ने, नवीनतम तकनीकी प्रगति का पता लगाने और खाद्य उद्योग के भविष्य को आकार देने वाली उपभोक्ता की उभरती प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अवसरों का एक अनूठा संगम प्रदान करता है।

इसके अलावा, वर्ल्डफूड इंडिया 2024 नेटवर्किंग और साझेदारी-निर्माण का अवसर प्रदान करेगा, जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक संगम-स्थल के रूप में काम करेगा, जिससे कारोबार को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम का विस्तृत प्रदर्शनी स्थल, विषयगत सत्र और आपसी-संवाद मंच प्रतिभागियों को जटिल वैश्विक खाद्य परिदृश्य को समझने के लिए आवश्यक उपकरण एवं ज्ञान प्रदान करता है, साथ ही प्रतिभागियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को सम्मानित वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करता है।

स्टार्ट-अप्स के उत्साह और सरलता से प्रेरित होकर, मेरे मंत्रालय ने स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज के बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण का अनावरण किया है। यह शानदार पहल भारत के कृषि-खाद्य और संबद्ध क्षेत्रों में आमूल-चूल बदलाव को उत्प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कचरे के मूल्य निर्धारण, पौष्टिक और अमृतमय खाद्य उत्पादों के निर्माण एवं जल उपयोग दक्षता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करके, यह चैलेंज नवाचार की क्रांति को शुरू करने का लक्ष्य रखता है, जिससे इस क्षेत्र को परिवर्तनकारी क्षमता से भरे भविष्य की ओर आगे बढ़ने में गति मिलेगी।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) द्वारा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। दूरदर्शी दिग्गजों का यह समागम एक सुरक्षित, सुदृढ़ खाद्य प्रणाली बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प के लिए एक अदम्य प्रमाण के रूप में कार्य करेगा, जहां प्रत्येक हिस्सा सतर्कता से अटूट समर्पण के साथ संरक्षित होगा। इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से, हम खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों पर विजय पाने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए अपनी साझी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जहां भोजन न केवल सुरक्षित हो, बल्कि सभी के लिए विश्वास और पोषण का आदर्श हो। यह वैश्विक सहयोग और प्रगति के सार को दर्शाता है, जो हमारे सबसे गहन मूल्यों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के भव्य ताने-बाने में, विशेष ध्यान के केंद्र-बिंदु परिवर्तनकारी बदलाव के वास्तविक प्रकाश-पुंज के रूप में खड़े हैं, जो देश के खाद्य क्षेत्र को एक शानदार भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। खाद्य विकिरण;खाद्य-उत्पादों की सुरक्षा और शेल्फ लाइफ की दोहरी पवित्रता सुनिश्चित करता है और हमारे भोजन को दूषित होने से बचाता है। पादप-आधारित प्रोटीन नवाचार के अगुआ हैं, जो गहन प्रभाव के साथ सतत पोषण प्रदान करते हैं। न्यूनतम अपशिष्ट, अधिकतम मूल्य का दर्शन, दक्षता का प्रतीक है, जो उत्पादन के प्रत्येक अंश को अमूल्य संसाधनों में बदल देता है। टिकाऊ पैकेजिंग, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती है और हमारे पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम करती है। अंत में, खेत से लेकर खाने तक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा हर थाली तक शुद्ध, सुरक्षित पोषण पहुंचाना; हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र इस महत्वाकांक्षी प्रयास का समर्थन करनेवाले प्रमुख स्तंभों में से एक है। इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेकर, व्यवसाय जगत भारत को खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश बनाने के सरकार के मिशन के साथ खुद को जोड़ सकता है एवं तेजी से बढ़ते बाजार और सहायक नीतिगत माहौल का लाभ उठा सकता है।

हम एक नये युग की दहलीज पर खड़े हैं। वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 बदलाव का अग्रदूत, वैश्विक मंच पर भारत के उत्थान का प्रतीक और इस क्षेत्र की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण बन कर उभर रहा है। आइए हम सब मिल कर, उद्देश्य और दृष्टि में एकजुट होकर, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 को शानदार तरीके से सफल बनाएं और एक नए भारत की सुबह की शुरूआत करें- एक ऐसा राष्ट्र, जो न केवल आत्मनिर्भर हो, बल्कि दुनिया के लिए समृद्धि, नवाचार और सतत विकास का प्रतीक भी हो।

**(लेखक : मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### टीडीपी का दावा-तिरुपति लड्डू में एनिमल फैट, फिश ऑयल था

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र सरकार से रिपोर्ट मांगी, मंदिर ने जांच कमेटी बनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**अमरावती।** तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलने का विवाद दिल्ली तक पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि मैंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से बात की है। मंदिर के प्रसाद (लड्डू) की जांच करायी जायेगी।' उधर केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब राज्य के सीएम नायडू की पार्टी टीडीपी ने बुधवार को यह आरोप लगाया कि राज्य में वाइएसआर कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू (प्रसादम) में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन टीडीपीने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया। इसके खिलाफ वाइएसआर कांग्रेस ने हाईकोर्ट से नायडू के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाने की मांग की। कोर्ट इस पर 25 सितंबर को सुनवाई करेगा। बता दें कि तिरुपति मंदिर के 300 साल पुराने किचन में रोजाना 3.50 लाख लड्डू बनते हैं। तिरुमाला ट्रस्ट हर साल प्रसादम से सालाना 500 करोड़ कमाता है।

**जगन मोहन सरकार ने पवित्रता को धूमिल किया :** 18 सितंबर को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि पिछले 5 साल में जगन मोहन सरकार और वाइएसआर सीपी के नेताओं ने तिरुमाला की पवित्रता को धूमिल किया।

**मंदिर प्रशासन ने चार सदस्यों की विशेष समिति बनायी :** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मंदिर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हालांकि, घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए चार सदस्यीय विशेष समिति बना दी है। लैब रिपोर्ट 17 जुलाई को मिली थी। तभी से ही यह रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट में ना तो जारी करने वाली संस्था का नाम लिखा है और ना ही किस जगह के सैंपल की जांच की गयी है, उसका जिक्र है।

**जगन मोहन रेड्डी, ठेकेदार और टीटीडी के अफसरों के खिलाफ शिकायत :** सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल ने इस मामले में जगन मोहन रेड्डी, ठेकेदार और टीटीडी के अफसरों के खिलाफ शिकायत की है। इसमें कहा कि इन्होंने प्रसादम में जानवरों की चर्बी वाला घी मिला कर लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि इनके खिलाफ एफआइआर दर्ज कर और सख्त कार्रवाई हो।

# कोलकाता कांड में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की हिरासत अवधि बढ़ी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में बलात्कार और हत्या मामले की जांच जारी है। अदालत ने कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन प्रभारी अभिजीत मंडल को 25 सितंबर तक सीबीआइ हिरासत में भेज दिया है। साथ ही, जांच एजेंसी ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का नार्को एनालिसिस टेस्ट करने की कोर्ट से इजाजत मांगी है। इसके अलावा, सीबीआई की स्पेशल क्राइम ब्रांच एसएचओ अभिजीत मंडल का पॉलीग्राफ टेस्ट कराना चाहती है। इजाजत लेने के लिए सियालदह कोर्ट में अर्जी दाखिल की गयी है।

**जूनियर डॉक्टर्स ने मार्च निकाला :** जूनियर डॉक्टर्स ने शुक्रवार को साल्ट लेक स्थित सीबीआइ कार्यालय तक मार्च निकाला। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से अधिकतर मांगें मान ली गयीं। इसके बाद डॉक्टर्स ने घोषणा की थी कि वे शनिवार से आंदोलन खत्म करके राज्य की ओर से संचालित अस्पतालों में आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं में लौटेंगे।

# 24 घंटे के बाद झारखंड-पश्चिम बंगाल का बॉर्डर खुला

## पश्चिम बंगाल और झारखंड के बीच गाड़ियों का परिचालन शुरू

- ममता बनर्जी ने बॉर्डर सील करने का दिया था आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**निरसा।** पश्चिम बंगाल सरकार ने 24 घंटे से अधिक समय के बाद डीबुडीह चेकपोस्ट पर लगे सील को खोल दिया है। शुक्रवार को शाम तकरीबन 6 बज कर 30 मिनट पर इस सील को खोल दिया गया। झारखंड से बंगाल में मालवाहक गाड़ियों का प्रवेश शुरू हो गया है। इस कदम से वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि सीमावर्ती क्षेत्र के दोनों डैम से लगातार पानी खोलने के बाद बंगाल सरकार ने बॉर्डर सील करने का आदेश दिया था। झारखंड में लगातार तीन दिन हुई मूसलाधार बारिश के कारण डैमों का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिस कारण निरसा विधानसभा अंतर्गत मैथन एवं पंचेत डैम का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच गया है। डैमों की सुरक्षा को ध्यान में रख केंद्रीय जल आयोग एवं डीवीसी के एमआरओ विभाग को मैथन एवं पंचेत डैम से पानी छोड़ना पड़ा। डैमों से पानी छोड़ने के कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी। इस परिस्थिति को देखते हुए बंगाल सरकार ने झारखंड पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। सीएम ममता बनर्जी के आदेश पर झारखंड-बंगाल सीमा को तीन दिनों के लिए सील कर दिया गया है।

# ममता ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर दी डीवीसी से समझौता तोड़ने की चेतावनी

- राज्य में बाढ़ के लिए डीवीसी को ठहराया जिम्मेदार
- तबाही के लिए केंद्रीय निधि जारी करने का भी किया अनुरोध

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा कि राज्य सरकार दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ सभी समझौतों को रद कर देगी क्योंकि उसके एकतरफा पानी छोड़ने के परिणामस्वरूप दक्षिण बंगाल के जिलों में बाढ़ की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गयी है। मोदी को लिखे पत्र में उन्होंने बाढ़ के कारण हुई व्यापक तबाही से निपटने के लिए केंद्रीय निधि को तुरंत जारी करने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने लिखा, राज्य फिलहाल दामोदर नदी के निचले इलाकों समेत आसपास के क्षेत्रों में वर्ष 2009 के बाद से सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। मैं विनम्रता के साथ अनुरोध करती हूं कि आप इस मामले में गंभीरतापूर्वक विचार करें और संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दें कि वे इन मुद्दों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर हल करें, जिनमें पर्याप्त केंद्रीय निधि को मंजूरी देना और उसे जारी करना शामिल है।

### सुवेंदु ने किया आगाह, आठ जिलों में छा जायेगा अंधेरा

इधर, डीवीसी के साथ संबंध तोड? की ममता की चेतावनी पर बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए आगाह किया है। सुवेंदु ने कहा कि अगर डीवीसी से संबंध तोड़े गए तो दक्षिण बंगाल के आठ जिलों की बिजली चली जाएगी और वहां अंधेरा छा जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या ममता खुद को प्रधानमंत्री के समकक्ष मानती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान देश की संघीय भावना को कमजोर कर रहा है।

### बंगाल में बाढ़ से तीन की मौत, ढाई लाख प्रभावित

बंगाल के हावड़ा, हुगली, पश्चिम मेदिनीपुर समेत विभिन्न जिलों में आई बाढ़ से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है जबकि ढाई लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। विभिन्न इलाके जलमग्न हैं। सैकड़ों घर पानी के तेज बहाव में टूट गये हैं। हजारों लोग बेघर हैं।




आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 21 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को साहिबगंज और गिरिडीह में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री के साथ मंच पर बाबूलाल मरांडी, चंपाई सोरेन, निशिकांत दुबे, अमर बाउरी, शिवराज सिंह चौहान, अन्नपूर्णा देवी मौजूद थे।

## सीजीएल पेपर लीक मामला: दो गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। सीजीएल पेपर लीक मामले में रांची पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम वीरेंद्र कुमार और संकेश कुमार हैं। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति पटना के रहनेवाले हैं। सीजीएल पेपर लीक मामले में नामकुम थाना में एफआइआर दर्ज की गयी थी, जिसके बाद रांची पुलिस ने तहकीकात करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया है।


**भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान**
**कटक-753006 (ओडिशा), भारत**
**ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE**
**Cuttack-753006, Odisha. India**

**विज्ञापन संख्या-29/YP-I/2024-25**

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "ओडिशा की चावल आधारित फसल और क्षेती प्रणाली के लिए गुणवत्ता वाले वायोइनोकुलेंटस का उत्पादन, लोकप्रियकरण और आपुर्ति ''शीर्षक परियोजना (ईएपी-416) में दो (02) यंग प्रोफेशनल-I के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षातकार दिनांकें 07.10.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक/वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तो से संवंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https//icar-nrri.in पर उपलब्ध है ।

Walk-in-Interview will be held on 07.10.2024 for selection of **Two (02) Young Professional (YP-I)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Production, Popularization and Supply of Quality Bioinoculants for Rice-based Cropping and Farming System of Odisha" (EAP-416)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - https://icar-nrri.in

**प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR**


# अमित शाह ने सिदो-कान्हू के वंशजों को सम्मानित किया





कार्तिक कुमार

**भोगनाडीह (आजाद सिपाही)।** देश के गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को भोगनाडीह में सिदो कान्हू के वंशजों से मिले और उनसे कुशलता पूछी। सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू की अगुवाई में अमित शाह का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। अमित शाह ने सिदो-कान्हू के वंशजों को अपने हाथों से अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

तकरीबन 45 मिनट के कार्यक्रम में अमित शाह सिदो-कान्हू के वंशजों से मिल उनकी बातों को ध्यान से सुना और उनके द्वारा दिये गये मांग पत्र पर कार्रवाई करने का उन्हें भरोसा दिया है। सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू ने बताया कि देश के गृहमंत्री पहली बार शहीद परिवारों के बीच पहुंचे हैं और हम सबको उम्मीद है कि हमारी मांगों पर वह गंभीरता से विचार कर उस पर कार्रवाई करेंगे। मंडल मुर्मू ने

### अमित शाह को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा

बताया कि प्रत्येक साल 11 अप्रैल और 30 जून को हूल दिवस पर देश के बड़े-बड़े नेता और राज्य के मुख्यमंत्री यहां आते रहे हैं। लेकिन आज झारखंड के निर्माण हुए 24 साल हो गये लेकिन ना तो हमारे गांव का विकास हुआ और नहीं हमारे गांव का उत्थान हुआ और नहीं सही तरीके से हम सबों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में कोई काम किया गया। अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है, लेकिन इस बार हम लोग देश की गृहमंत्री को अपनी मांग पत्र दिये हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी मांगों पर गृह मंत्री विचार करेंगे। उन्होंने बताया कि हम लोगों ने 10 सूत्री मांग पत्र उन्हें सौंपा है, जिसमें शहीद वंशजों को शहीद पेंशन देने की मांग की है, यहां पर स्वास्थ्य सेवा की दिशा में सुधार करने की मांग की है और हेल्थ कार्ड निर्गत करने की मांग की है। हम लोगों ने कहा है कि हम वंशज जो शिक्षित हैं।

उन्हें योग्यता के अनुसार सीधी नियुक्ति दी जाये। यहां सिदो-कान्हू पार्क का निर्माण हुआ है, इस पार्क में सिदो-कान्हू की जीवनी के बारे में लोगों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया जाये ताकि लोग यहां पर जो घूमने आते हैं उन्हें सिदो-कान्हू की वास्तविक जीवनी के बारे में जानकारी मिल सके और वह वीर शहीद को याद रख सकें और उनके बारे में जान सकें। साथ कहा कि गांव में डीप बोरिंग करने की हम लोगों ने मांग की है, ताकि हम लोग भी अपने खेतों में पानी की उपलब्धता होने पर खेती करेंगे। इस दौरान बाबूलाल मरांडी, हेमंता बिस्वा सरमा, निशिकांत दुबे, चंपाई सोरेन, रेणुका मुर्मू, गमलियल हेंब्रम सहित अन्य नेतागण मौजूद थे।

## अबकी बार भाजपा की सरकार बनानी है : लोबिन

साहिबगंज (आजाद सिपाही)। भाजपा की परिवर्तन सभा में लोबिन हेंब्रम ने कहा कि हम लोगों के लिए सौभाग्य का दिन है कि हम लोगों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद हैं। कहा कि गुरु जी का चेला हूं आज भी उनको सम्मान देता हूं। हम लोग अटल बिहारी वाजपेयी के ऋणी हैं। उन्होंने यहां के लोगों की आवाज सुनकर अलग राज्य दिये। हेमंत सरकार में घूसखोरी बढ़ी है और भ्रष्टाचार चरम पर है। बाहर से लोगों को बुलाकर



झारखंड के लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं। पंकज मिश्रा अभी कहां है। जेल के अंदर है, लेकिन अभी तक पार्टी से नहीं निकाला गया ना ही विधायक प्रतिनिधि के पद से हटाया गया। उन्होंने कहा कि अभी तक स्थानीय नीति नहीं बनी है, नियोजन नीति नहीं बनी है। उन्होंने कहा कि आवास देने का वादा किया था लेकिन वह भी नहीं दिया। जितने भी वादे किये थे वह वादा को पूरा नहीं किया है। गठबंधन सरकार को हटाना है और झारखंड को बचाना है। इसलिए अबकी बार भाजपा की सरकार बनानी है।

### भाजपा सत्ता में आयी तो रोटी, बेटी और माटी की हिफाजत करेंगे : अमित मंडल

अमित मंडल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं रहा इसका नाम वाइफ-हसबैंड हो गया है। उन्होंने कहा कि लोबिन हेंब्रम ने जैसे बताया कि अब तक 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू नहीं की गयी। अमित मंडल ने कहा कि हम लोग सत्ता में आयेंगे तो रोटी, बेटी और माटी की हिफाजत करेंगे। इस परिवर्तन रैली का साफ संदेश है कि झामुमो गठबंधन की सरकार जा रही है। भाजपा की सरकार आ रही है।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण यहां की डेमोग्राफी बदल रही : अनंत ओझा

राजमहल विधायक अनंत ओझा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि साहिबगंज में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण यहां की डेमोग्राफी बदल रही है। लगातार इस मामले को उठाने के बाद भी राज्य सरकार मौन बैठी है। राज्य सरकार ने पांच साल में 25 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी राज्य सरकार से युवाओं के रोजगार के लिए विधानसभा में सवाल करते हैं तो ये लोग सदन में जवाब देने से भागते हैं। राज्य में ना युवाओं को रोजगार मिला। हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं को ठगने का काम किया है महिलाओं को हर साल 72 हजार देने की बात कही थी वो भी नहीं मिला। अबुआ आवास योजना में लूट मची है। राज्य में आधारभूत संरचनाओं का काम इस सरकार में बंद हो गया है। खनिज संपदा की लूट मची है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन रैली मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार को बदल के रहेगी।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "मयुरहण्ड में निर्मित दुकान के उपरी तल्ले पर 01 (एक) अदद (अवशेष) दुकान" निर्माण कराते हुए किराया/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए दिनांक 22/09/2024 से दिनांक .30/09/2024 (कार्यालय कार्य अवधि में) आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–

1. दिनांक 17.01.2023 को सम्पन्न बोर्ड–सह–समीक्षात्मक बैठक में लिए गए प्रस्ताव के आलोक में दुकान का आवंटन पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा।
2. कुल दुकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा।
3. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकता है एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दुकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दुकान आवंटित है, उसे दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। कार्यालय को दिगभ्रमित करने, तत्पश्चात् दुकान आवंटित होने की स्थिति में, दुकान आवंटन को रद्द कर दिया जायेगा। जिस पर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आश्य का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदनकर्ता को दुकान लागत राशि का मो0 98,410.00 (अट्ठानबे हजार चार सौ दस रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।
7. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.336435 District(24-25):D


# रांची को कृषि शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र बनायेंगे: शिवराज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रांची को कृषि शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र बनायेंगे। न्यूनतम मूल्य भी बढ़ाने का प्रयास करेंगे। जितनी लागत आती है, उसमें 50 प्रतिशत जोड़ कर ही न्यूनतम प्रोडक्शन मूल्य दिया जायेगा। इस साल से 1500 नहीं पांच हजार किसानों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दुगुनी करना चाहते हैं। कृषि में उत्पादन बढ़ाना, घाटा कम करने, केवल धान, गेहूं से काम नहीं चलेगा। हमें दूसरी खेती में जाना होगा। आज भी हम लाह में 400 करोड़ का निर्यात करते हैं। आज ऐसी महिलाएं हैं, जो लाख-लाख रुपये कमा रही हैं। हमारी आय बढ़ाने के लिए लाह अहम है। पलास्टिक से बचने के लिए भी इसका उत्पादन जरूरी है। उन्होंने कहा कि लाह के माध्यम से भी लखपति दीदी बनायी जा सकती हैं। मेरा प्रयास होगा कि लाह की खेती कृषि विभाग के तहत आ जाये, ताकि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ इस खेती को मिल सके। कलस्टर आधारित प्रोसेसिंग का प्रयास करेंगे।

**40 लाख आदिवासी परिवार लाह की खेती से जुड़ कर आर्थिक संबल बन रहे हैं : कृषि राज्यमंत्री :** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भगीरथ चौधरी ने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र में लाह की खेती से भरण-पोषण होता है। करीब 40 लाख परिवार इस खेती से जुड़े हैं। हर क्षेत्र में अन्नदाता रात-दिन मेहनत करता है। जब अन्नदाता के घर में खुशहाली आती है, तब हमें खुशी होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों में खुशी लाने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं। चाहे एमएसपी बढ़ाने का मसला हो या फिर आय दुगुनी करने का। यह गौरव की बात है कि यह संस्थान शताब्दी वर्ष मना रहा है। पहले यह लाह संस्थान ही था लेकिन प्रधानमंत्री इस संस्थान को और आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।






### देश में कुल उत्पादन का 55 प्रतिशत लाह का उत्पादन झारखंड से होता है: हिमांशु

संस्थान महानिदेशक हिमांशु पाठक ने कहा कि देश में कुल लाह उत्पादन का 55 प्रतिशत झारखंड से होता है। इसके बाद ही अन्य राज्य का योगदान है। इस संस्थान से 10 लाख से अधिक किसानों ने प्रशिक्षण लिया और अपनी आय बढ़ायी। लाह के उत्पादन में हमारा देश नंबर वन है। हमारा संस्थान सेंकेंडरी कृषि को बढ़ावा दे रहा है। अगले तीन वर्षों में यह देश न केवल विकासशील, बल्कि विकसित देश रहेगा। इसमें हमारे संस्थान का जो सहयोग करना होगा, जरूर करेगा। निदेशक डॉ श्याम नारायण झा ने कहा कि इस संस्थान को चिरंजीवी बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। समय-समय पर इस संस्थान का नाम बदला गया। कुल चार बार इस संस्थान का नाम बदला गया है, जिसका मुख्य कारण रहा इसके जरिए कृषि में उत्तरोत्तर विकास।

### खादी बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए लाह खेती से बिचौलिये को खत्म किया: संजय सेठ

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसी भी संस्था का सौ साल होना, इस पावन अवसर पर भारत की राष्ट्रपति का शामिल होना, गौरव की बात है। यह किसानों को हौसला देना है। प्रकृति ने हमें हरा-भरा संपदा दी। लाह पलास्टिक का विकल्प है। यह गौरव की बात है कि देश की 55 प्रतिशत लाह की खेती झारखंड में होती है। 400 करोड़ का एक्सपोर्ट होता है। लाह पहले 100 में बिकता था, वही लाह बड़े-बड़े व्यापरी उसे 700-800 रुपये में बेचता है। हमने खादी बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए बिचौलियों को खत्म किया। लाह से हम लखपतिया दीदी बना रहे हैं। पत्तल में लाह का कोटिक कर दिया जाये तो वह नुकसान देह नहीं होगा।

## ड्यूटी के दौरान एसआरआइबी महिला जवान की बिगड़ी तबीयत



नामकुम (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को नामकुम बाजार स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (आइसीएआर) के 100 वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। यहां मुख्य गेट के समीप तैनात एसआरआइबी महिला जवान स्वेता रंजन की अचानक तबीयत बिगड़ गयी। जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामकुम के डॉक्टर को बुलाया गया। तत्काल महिला जवान को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर इलाज शुरू किया गया। जवान को होश आने के बाद स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी नीलम माइकल ने बताया कि जवान सुबह से कुछ खाई नहीं थी। जिसके कारण उसका बीपी लो हो गया और उसकी तबीयत खराब हो गयी।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 07 (सात) अदद दुकान एवं एक अदद कैंटीन" को किराया पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए दिनांक 30/09/2024 तक (कार्यालय कार्य अवधि में) आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–

1. कुल दुकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में खुला डाक के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा। दुकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/– (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो"उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दुकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दुकान आवंटित है, उसे दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। कार्यालय को दिगभ्रमित करने, तत्पश्चात् दुकान आवंटित होने की स्थिति में, दुकान आवंटन को रद्द कर दिया जायेगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आश्य का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दुकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैसा प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. दूकान का प्रकार (10X10 का दूकान) एवं (9X8 का स्टोर) कुल रकवा 172 स्क्वायर फीट, मासिक किराया 8.75/प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित है जिसका प्रति दूकान कुल मासीक किराया मो0 1505.00 देय होगा।
8. प्रतयेक अगलेती नवर्ष पर 10% किराया में बृद्धि की जायगी।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 336431 (District)24-25*D



**समाहरणालय, सिमडेगा (जिला समाज कल्याण शाखा)**
**ई-मेल:- awc5.monitoring@gmail.com**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष– 2024–25 में राज्य योजनान्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्रों के 03 से 06 वर्ष के बच्चों को गर्म पोशाक उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त आवंटन से सिमडेगा जिला अन्तर्गत 07 परियोजनाओं में आपूर्ति हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान/निर्माता से मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता द्वारा द्वी बिड पद्धति के अनुरूप मुहरबन्द लिफाफे में तकनिकी एवं वित्तीय अंश को अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में दिनांक – **04.10.2024** को **01:00 बजे अपराह्न** तक जमा किया जायेगा। प्राप्त निविदा को दिनांक – **04.10.2024** को अपराह्न **03:00 बजे** निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उप विकास आयुक्त, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जाएगा।

**ऊनी पोशाक की महत्वपूर्ण विवरणी :–**

| Sl.No | Particulars | Requirement | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Sweater Quality | Unisex | |
| 2 | Colour | Maroon | |
| 3 | Material (blend composition) | Acrylic - 100%(=2%) | |
| 4 | Yarn | High bulk Yarn | |
| 5 | Neck Type | Hoodie | |
| 6 | Sleeve | Full regular sleeve | |
| 7 | Weight | 225 gm & above | |
| 8 | Shrinkage or elongation on washing (max) | 4% or better | |
| 9 | Colour fastness to Light | 4% or better | |
| 10 | Colour fastness to Washing | Change in colour 3 or better, stain on Adjacent Fabric 3 or better | |
| 11 | Size | For Children of Age Group between 03-04 Yrs, 04-05 Yrs & 05-06 Yrs | तीन आयु वर्ग के बच्चों के लिए गर्म पोशाक की आपूर्ति की जानी है। |

3. निविदा की नियम एवं शर्तें जिले के वेवसाईट www.simdega.nic.in एवं जिला समाज कल्याण के सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा। | उप विकास आयुक्त, सिमडेगा। | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 336171 Simdega (24-25)_D

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भागने के आरोपी को सेन्हा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र से निवासी सुरेंद्र महली के पुत्र सूरज महली ने एक नाबालिग लड़की को प्रेम के जाल में फंसा कर उसे शादी का प्रलोभन दिखा बीते 09 सितंबर 2024 को भगा कर ले गया था। वही बताया जाता है कि नाबालिग बच्ची अपने घर से विद्यालय के लिए निकली थी जो समय से घर नही पहुंची तो परिजनों को चिंता होने लगा तो परिजनों ने अपने स्तर से खोज बिन आरंभ कर दिया लेकिन कहीं किसी प्रकार से पता नही चला। जिसकी सूचना सेन्हा थाना को देखते हुए परिजनों ने नाबालिक बच्ची को सकुशल बरामद करने का प्रशासन से अपील किया था। जिसके आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार ने नाबालिक बच्ची लापता मामला को संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल आरंभ कर दिया गया और नाबालिक लड़की को मुर्की निवासी सुजीत लोहरा के घर से बरामद करते आरोपी सूरज महली को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## विशाल मंच निर्माण को लेकर तैयारी शुरू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्य के दक्षिणी प्रमंडल में 22 सितम्बर से 28 सितंबर तक आयोजित परिवतन संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत 27 सितंबर को लोहरदगा पहुच रही परिवर्तन संकल्प रथयात्रा के साथ उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 3 बजे अपराह्न लोहरदगा पहुचेंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए लोहरदगा समाहरणालय मैदान में पार्टी द्वारा विशाल मंच का निर्माण कराया जायेगा। इसे लेकर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, उपाध्यक्ष अनिल उरांव, अजय पंकज, महामंत्री पशुपतिनाथ पारस, संजय प्रसाद, जगनंदन पौराणिक एवं जिला मीडिया प्रभारी विजय सोनी द्वारा मैदान का अवलोकन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि झारखंड में सत्ता परिवर्तन की लहर चल रही है। जनता भारतीय जनता पार्टी गठबंधन को फिर से सत्ता सौंपने को तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश आज मॉडल स्टेट बन गया है, देश के सभी राज्य की जनता योगी जैसा मुख्यमंत्री चाह रहे है। उन्होंने कहा कि 27 सितंबर को जिले भर से लगभग 25 हजार लोग मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को सुनने समाहरणालय मैदान पहुचेंगे।

## भाजपा ने संकल्प पत्र सुझाव अभियान चलाया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संकल्प पत्र सुझाव अभियान राणा चौक में चलाया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू उपस्थित हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व संकल्प पत्र सुझाव अभियान के नगर संयोजक सत्यम कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि नगर के सभी चौक चौराहों पर यह सुझाव अभियान लोगों के बीच एक जागरूकता का कार्य भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया जा रहा है और जनता अपनी अपनी बातों को रख रहे है। मौके पर उपस्थित, संजय महतो, विजय चंद्रशेखर, अशोक कसकर, उमेश सिंह, महेंद्र महतो, कमलेश कुशवाहा, पंकज महतो, हसमुख रंजन समेत अन्य उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में 10 शिकायतों का निबटारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।



जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें।

इसके अलावे विभिन्न शिकायतों का निष्पादन उपायुक्त द्वारा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर किया गया।जनता दरबार में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से आवास, आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा पोषाहार नहीं देने के संबंध में, राशन कार्ड, मुआवजा, स्कूल बनाने के नाम पर जमीन पर अवैध कब्जा आदि से संबंधित आवेदन आये।

उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## बरवाडीह में सड़क हादसा, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र मे शुक्रवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला एक मोटरसाइकिल सवार नशे में धुत का हुआ शिकार,तो दूसरा मोटरसाइकिल सवार की आमने सामने हुई टक्कर। बता दें कि कुल्हि नाला के समीप बरवाडीह से पलामू जिले के छेचानी जाने के दौरान अनियंत्रित होकर शराब के नशे में धुत दो मोटरसाइकिल सवार युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह लाया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार साप्ताहिक बाजार से पलामू जिले के छेचानी अपने घर एक ही मोटरसाइकिल से दोनों युवक वापस हो रहे थे। तभी तीखी मोड़ होने के कारण अनियंत्रित होकर कुल्हि नाला के समीप सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया ।वही उसकी पहचान छेचानी निवासी लालमुनि भुइयां पिता सुकन राम उम्र 28, भरदुल भुइयां पिता रामगति भुइयां उम्र 26 रूप में हुई। घायलों का इलाज बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉक्टर क्षितिज राज ड्रेसर राजेश चंद्र उर्फ बबलू, कुंदन कुमार, दीपक सिंह की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

## लोहरदगा में पेड़ से दब कर दो सगे भाइयों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के जोबांग थाना क्षेत्र के सीरम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सेंभूवा गांव निवासी दो भाइयों की मौत पेड़ से दबकर हो गयी है। जानकारी के अनुसार सेंभूवा गांव निवासी कृष्णा तुरी के पुत्र सुधीर तुरी (21 वर्ष) एवं राहुल तुरी (22 वर्ष) चंदवा से वापस लौट रहे थे, जिस क्रम में चंदवा थाना क्षेत्र के भुसाड़ गांव के समीप उनपर सूखे पेड़ की डाली टूट कर गिर गयी। जिससे राहुल तुरी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं सुधीर तुरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात इसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में उसकी भी मौत हो गयी।

### बाइक चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अरु पतरा के समीप से बाइक चोरी मामला में एक आरोपी को सेन्हा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पतरा टोली निवासी रौशन भगत की बाइक (जेएच 08 एच 1305) को अरु पतरा के समीप से चोरी कर फरार होने के आरोप पर अज्ञात चोर के विरुद्ध पुलिस कारवाई आरंभ कर दिया गया था।

## लोहरदगा में 20 केंद्रों पर होगी जेएसएससी परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने 21 एवं 22 सितंबर 2024 को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विभिन्न मजिस्ट्रेट, केंद्राधीक्षक जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर उपायुक्त ने जेएसएससी द्वारा जारी दिशा निर्देश और उसके उल्लंघन करने पर दी जाने वाली सजा के प्रावधान के बारे में सभी उपस्थित पदाधिकारियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा संचालन के लिए बनाए गए नियमो का पालन न करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। आगामी दो दिनों तक सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास के होटल, लॉज, होस्टल्स, गेस्ट हाउस सहित ठहरने के सभी जगहों पर वहां ठहरने वालों पर कड़ी नजर रखी जायेगी और समय समय पर उसका निरीक्षण और छापामारी किया जायेगा। होटल संचालक अगर संदेहात्मक लोगो को शरण देते हैं तो उनपर भी कड़ी कारवाई की जाएगी। परीक्षा से संबंधित कोई गलत सूचना या अफवाह फैलाने पर सोशल मीडिया के माध्यम से नजर रखी जायेगी। दोषी पाये जाने पर उन पर विधिसम्मत कड़ी से कड़ी कारवाई की जायेगी। परीक्षा केंद्र के बाहर भी सी सी टी वी के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की विधि व्यवस्था से निबटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर और तैयार है।

पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक बर्दास्त नही की जायेगी।जिले के पास पर्याप्त पुलिस बल है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सुनिश्चित करे कि कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स जैसे घड़ी, मोबाईल फोन आदि को लेकर प्रवेश नहीं करे ये सुनिश्चित हो। परीक्षा स्थल के आस पास कोई बैठक या आम सभा न हो। जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इस परीक्षा में 5796 अभ्यर्थी समिल्लित होंगे।

# लोहरदगा में सीएमइजीपी योजना की होगी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा जन सरोकारों से जुड़े मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में बरती गयी गंभीर अनियमित के मामले पर लोहरदगा राजद जिलाअध्यक्ष सुनील कुमार मेहता की शिकायत पर सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने अपने पत्र पत्रांक 7300 575 दिनांक 12 सितंबर में लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया राजद जिलाअध्यक्ष सुनील मेहता का शिकायत पत्र भी उपायुक्त को प्रेषित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में गंभीर अनियमितता बरती गयी। इससे योजना का मूल उद्देश्य भटक गया। मामले पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए राजद जिला अध्यक्ष ने शिकायत पत्र भेजा था। बताया गया कि, समाज कल्याण विभाग द्वारा सीएमईजीपी का लाभ एसटी एससी व ओबीसी के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए वित्तीय वर्ष 2023 व 2024 में ऑनलाइन बड़ी संख्या में युवाओं का आवेदन लिया गया। आवेदन की स्वीकृत देने में विभागीय अधिकारी महीनों लगा दिए। स्वीकृति के बाद स्थल जांच करने में भी विभागीय अधिकारी और कर्मी की दिलचस्पी नहीं रहे इससे भी कई माह अतिरिक्त लग गया। कहा गया कि, बड़ी संख्या में युवाओं का आवेदन अभी भी कार्यालय में पड़ा है। अबतक युवाओं का आवेदन विभागीय स्वीकृति के लिए राज्य सचिवालय नहीं भेजा गया। मामले पर राजद द्वारा जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया गया।



## बरवाडीह में परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मे शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह की अध्यक्षता में मंडल कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गयी। बैठक मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्पांजलि कर बैठक की शुभारंभ की गयी। जिसका मंच संचालन मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव ने किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के द्वारा स्वागत भाषण और विषय प्रवेश करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 27 सितंबर को बेतला में भोजपुरी जगत के स्टार दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी और सांसद रवि किशन का आगमन होने वाला है और 28 सितम्बर को बरवाडीह मंडल में कार्यक्रम है। जिसकी तैयारी के लिए रणनीति बनायी गयी। ताकि कार्यक्रम को हम सफल बना सके।

वहीं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो कहा कि यह परिवर्तन यात्रा झारखंड में सरकार बदलकर अपनी सरकार बनाने का परिवर्तन का संकल्प है। वहीं बैठक मे विधानसभा प्रभारी प्रेम सिंह ने कहा कि बरवाडीह में होने वाले परिवर्तन यात्रा 27 सितंबर और 28 सितंबर को जो बेतला से होकर बरवाडीह तक होना है। इसे सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सशक्त होकर लग जाना है।

## कोल्हान की खबरें

# चैनल और मनोज पर मुकदमा करेंगे सरयू राय

**ट्यूब चैनल पर प्रसारित करने वाले आरोपों को न्यायालय में साबित करें या सजा भुगतें : सरयू राय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों एक यू-ट्यूब चैनल में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के विरुद्ध अनर्गल एवं बेबुनियाद आरोप लगाने वाले मनोज सिंह पर विधायक मुकदमा दायर करेंगे। शुक्रवार को विधायक कार्यालय से इसकी जानकारी दी गयी। बताया जा रहा है यू-ट्यूब चैनल मीडियावाला एक्सप्रेस ने तीन किश्तों में 10, 11 और 14 सितंबर 2024 को मनोज कुमार का साक्षात्कार प्रसारित किया था।



जिसमें अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। बेबुनियाद एवं तथ्यहीन बातें अमर्यादित शब्दों में कही गयी हैं। श्री सरयू राय ने इस मामले में यू-ट्यूब चैनल को दो पत्र भेज कर साक्षात्कार मूल रिकॉर्डिंग की मांग की है। पत्र में उन्होंने साक्षात्कार लेने वाले प्रियांशु झा से कहा वे साक्षात्कार के बिना संपादित प्रति और साक्ष्य अधिनियम की धारा 63 का प्रमाणपत्र उपलब्ध करायें ताकि साक्षात्कार देने वाले मनोज सिंह के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कीजा सकें। श्री राय ने कहा बीते 14 और 17 सितंबर को भेजे गये दोनों पत्रों में प्रश्नगत साक्षात्कार का एकमात्र उद्देश्य समाज में मेरे विरुद्ध मिथ्या भ्रम फैलाना और मेरी छवि धूमिल करना प्रतीत होता है। उन्होंने श्री झा से अनुरोध किया वे पत्र प्राप्ति के 15 दिनों में प्रश्नपत्र साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग की मूल प्रति उपलब्ध कराये अन्यथा उनकी भी भागीदारी समझी जायेगी। वे भी कानूनी कार्रवाई के भागी बनेंगे।

## टाटा स्टील यूआइएसएल ने 24वें चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कांसेप्ट्स में दो स्वर्ण पदक जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने विशाखापत्तनम में आयोजित सीसीक्यूसी 2024 (क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स पर चैप्टर कन्वेंशन) में दो प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीतकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। जिसमे केस स्टडी प्रेजेंटेशन के लिए डिजाइन इंजीनियरिंग और टाउन प्लानिंग से टीम प्रारूप और पावर सर्विस डिवीजन से टीम विंडो ने ये पुरस्कार हासिल की। जो संगठन के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण था। टीम प्रारूप ने लगातार




दो बार स्वर्ण पदक जीत कर राज्य व देश का नाम रोशन किया। दोनों टीमों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा में भाग लेते हुए गुणवत्ता अवधारणाओं और अभिनव प्रथाओं में अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इसके अलावा अतिरिक्त टीम विंडो ने मॉडल प्रदर्शनी में तीसरा पुरस्कार जीतकर प्रशंसा हासिल की। जो विभिन्न उद्योगों के प्रतिभागियों के अभिनव मॉडल और समाधानों को उजागर करने वाला एक कार्यक्रम है। प्रतियोगिता में 34 कंपनियों की 130 टीमों ने शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा की।

## गालूडीह में कार सवारों ने ट्रक चालक से की मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गालूडीह।** शुक्रवार शाम पुतडू टोल प्लाजा के पास एक ट्रक चालक की एक कार चालक ने जमकर पिटायी कर दी। ट्रक चालक विपिन गोप ने बताया कि ट्रक (संख्या ओडी 09 पी 2373) लेकर गिरीडीह से ओड़िशा जा रहा था। वह जैसे ही पुतडू टोल प्लाजा के पास पहुंचा, वहां एक सफेद रंग की कार (संख्या जेएच 05 बीएल 2957) गलत दिशा से ओवरटेक कर आगे आ गयी। कार में सवार अज्ञात लोगों ने ट्रक को रोक लिया और गाली-



गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। यही नहीं, अंत में उन्होंने गाड़ी की चाबी छीन ली एवं उसे लेकर कर भाग गये। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। स्थानीय दुकानदारों ने ट्रक चालक को बचाया।

## जमशेदपुर में ब्लैक आउट

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में टाटा स्टील, टाटा स्टील यूआइएसएल और टाटा पावर के बीच ग्रिड में आयी बड़ी गड़बड़ी के कारण अचानक से ब्लैक आउट हो गया। इस ब्लैक आउट के कारण टाटा स्टील के कई प्लांट, टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) की भी बिजली कट गयी। टाटा स्टील यूआइएसएल की ओर से बिजली को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जाता है कि शाम करीब 7 बजे अचानक से पूरे शहर की बिजली कट गयी।

हर एरिया के साथ-साथ टीएमएच और टाटा मोटर्स अस्पताल समेत कई अस्पतालों की बिजली भी कट गयी। चूंकि, टाटा स्टील के भीतर और टाटा स्टील के टीएमएच समेत अन्य अस्पतालों में वैकल्पिक इंतजाम है, इस कारण तत्काल बिजली की सप्लाइ सामान्य हो गयी। कहां क्या गड़बड़ी है, इसको लेकर अभी अधिकारिक बयान आने का इंतजार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि बिजली जब कटी, तब जोरदार धमाका हुआ है और कंपनी में चिंगारी देखी गयी है। हालांकि, कंपनी की ओर से अब तक इसकी पुष्टि नहीं की गयी है कि ब्लैक आउट का कारण क्या है।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in


## मंगल कालिंदी ने 13 सड़कों के निर्माण के लिए सीएम को सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधान सभा स्थित बोड़ाम एवं जमशेदपुर प्रखण्ड में प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न पथ निर्माण के लिए विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात की। शुक्रवार को मुलाकात के दौरान विधायक ने 13 सूत्री मांग पत्र सौप कर सड़क निर्माण के लिए आग्रह किया। इस दौरान जल्द सड़क निर्माण के लिए यथाशीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति देने का आश्वासन मिला। विधायक ने कहा जमशेदपुर प्रखंड के उत्तरी एवं पश्चिम घोड़ाबांधा के टेल्को मस्जिद से कुवा मस्जिद भाया



नवीनगर फुटबॉल मैदान से होते हुए अहेलेहदीश मस्जिद, संतोषी मंदिर, पंजाब नैशनल बैंक, खड़ंगाझार मेन बाजार होते हुए राधिकानागर तिलका बस्ती तक लगभग 2 किलोमीटर तक जर्जर सड़क का निर्माण,बोड़ाम प्रखण्ड के बोंटा के ग्राम में कोदोगोड़ा से बनगोड़ा टोला होते हुए मुख्य सड़क निर्माण,बोड़ाम प्रखण्ड के तिलाबनी ग्रामीण रोड से चड़क पाथर तक लगभग 1.5 किमी तक पथ का निर्माण, बोड़ाम प्रखण्ड के बोटा के ग्राम में काशिटाड़ मैन रोड से काशिटाड़ व सबर टोला तक लगभग एक किमी पथ निर्माण, बोड़ाम प्रखंड डांगर मोड़ से सुतरीहुली होते हुए धोबनी तक लगभग 5 किलोमीटर सड़क का निर्माण, बोड़ाम पंचायत मुकरुडीह के ग्राम मुकरुडीह में शहीद निर्मल महतो चौक मुकरुडीह से भुनी बांगुड़दा होते हुए पेनदा गोरडीह होते हुए चिरुडीह मोड़ तक लगभग 7 किमी सड़क निर्माण, बोड़ाम के बोटा के ग्राम से मिजार्डीह बोधु किस्कु के घर से सरना कॉलोनी होते हुए किशोरी किस्कु के घर तक लगभग 1.7 किमी पथ निर्माण, बोड़ाम के बोटा ग्राम मिजार्डीह, टालो सीमागोड़ा छोटा काली मंदिर से कुलटांड़ तक तक लगभग 1.1 किमी पथ निर्माण सहित छोटा गोविंदपुर, राधिका नगर, बारीनगर, घोड़ाबांधा के विभिन्न पथो का 9 किलोमीटर तक चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य शामिल है।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/731./2024-25
दिनांक :–19.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वित्तीय वर्ष 2024–25 में गैर योजना मद् अन्तर्गत हजारीबाग– कटकमसाण्डी पथ (MDR-070) के कि०मी० 4 से 9 में निर्मित नाली की सफाई एवं मरम्मति कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 1,50,00,000.00 (एक करोड़ पचास लाख रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 24.09.2024 10:30 AM |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 30.09.2024 12:00 Noon |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 01.10.2024 12:30 PM |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें:–http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.336441 Road(24-25):D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 21 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूरी

# परिवर्तन यात्रा से राज्य में बदलाव का अलख जगायेंगे राजनाथ सिंहः भानु

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा विधायक सह झारखंड प्रदेश के भाजपा उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा है कि युवा विरोधी ,किसान विरोधी, महिला विरोधी ,विकास विरोधी, हेमंत सोरेन की निकम्मी सरकार को झारखंड की जनता ने गद्दी से हटाने का निर्णय ले लिया है। झारखंड में परिवर्तन की लहर दौड़ रही है उसके निमित पलामू प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा की आगाज करने के लिए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आगमन बाबा बंशीधर की धरती में पर 21 सितंबर दिन शनिवार को हो रहा है। भानु प्रताप शाही स्थानीय भाजपा कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में आम जनों से अपील करते हुए लोगों को भारी भीड़ के साथ उपस्थित होने का आह्वान किया। भानु प्रताप शाही ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार वादा खिलाफी करने वाली सरकार है वह गरीब विरोधी, किसान विरोधी है तुष्टिकरण करने वाली यह सरकार को झारखंड की जनता सता से हटाने का मन बना लिया है। आज अधिकारी बेलगाम है वे मंत्री और सत्ताधारी विधायकों के कठपुतली बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की यह पहली सरकार है जो केवल झूठे वादों आश्वासन देने का कार्य करती आई है एवम जनता को छलने का कार्य किया है। जनता इन्हे पहचान चुकी है और सरकार को आगामी चुनाव में सबक सिखाने का मन बना लिया है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में झारखंड में बनने वाली सरकार यहां की जनता के सही में रहनुमा बनेगी भाजपा ही झारखंड को बनाई है भाजपा ही झारखंड का विकास करेगी। अब हम भाजपाइयों का कर्तव्य है कि झारखंड का विकास अटल बिहारी वाजपेई जी के सोची हुए परिकल्पना पर करना है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आगमन बाबा बंशीधर के नगरी में हो रहा है जो एक सौभाग्य की बात है। उन्हों ने कहा कि रक्षा मंत्री के आगमन की सूचना पर गांव में काफी उत्साह है। भानु प्रताप शाही ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की के द्वारा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात परिवर्तन रथ का झंडा दिखा कर रवाना करने का कार्यक्रम भी है। जिसका समापन पलामू प्रमंडल के डाल्टनगंज में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह की आने की सूचना के बाद क्षेत्र में गजब का उत्साह है जो झारखंड में परिवर्तन की लहर को बतलाता है। मौके पर दयानंद भगत, राजीव रंजन तिवारी ,लक्ष्मण राम ,लवली आनंद, विजया लक्ष्मी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




# हंगामे के बाद कांग्रेसियों ने घाघरा से पांच संभावित प्रत्याशियों का किया चयन

कद्दावर नेता सह पूर्व शिक्षा मंत्री को भी बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने नकारा


चैतु उरांव


बॉबी भगत


आदित्य


शिव कुमार भगत


कृष्णा लोहरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसियों की आंतरिक बैठक काफी गहमा गहमी के साथ समाप्त हो गयी। यह आंतरिक बैठक बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों के चयन के लिए रायशुमारी को लेकर आयोजित की गयी थी। इस बैठक को मीडिया से दूर रखा गया था। बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के घाघरा और बिशुनपुर प्रखंड में अलग-अलग पर्यवेक्षकों द्वारा नामों की रायशुमारी की जा रही थी। हालांकि दोनों प्रखंडों के कांग्रेसियों ने किन पांच नाम की सूची आला कमान को भेजने के लिए तैयार सूची तैयार की है इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है, क्योंकि यह पार्टी का आंतरिक मामला है। लेकिन अंदर खाने से छन कर निकली खबर के अनुसार घाघरा प्रखंड से शिवकुमार भगत, बॉबी भगत, कृष्ण लोहरा, राजू भगत और आदित्य उरांव के नाम भेजे जाने की बात सूत्र बता रहे हैं। वहीं बिशुनपुर में शिवकुमार भगत, चैतू उरांव, राजू भगत, बॉबी भगत आदि के नाम पर मोहर लगने की बात बतायी जा रही है। हंगाना इस बात पर हुआ कि बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से इसी विधानसभा क्षेत्र का उम्मीदवार देने का कांग्रेसियों ने मन बनाया है । लेकिन आवेदन कताओं में कई नाम ऐसे थे जो इस विधानसभा क्षेत्र में वास नहीं करते हैं, और इस विस से चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं। उनके नाम के आने पर कांग्रेसियों ने हंगामा किया और सिरे से उन नामों को खारिज कर दिया। देखने वाली बात तो यह है कि कांग्रेस की कद्दावर नेता, राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव के नाम पर भी लोगों ने नाराजगी जतायी और उन्हें सिरे से खारिज कर दिया। यहां बताते चले की इस विधानसभा क्षेत्र से कई ऐसे उम्मीदवार भी अपने नामांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत किए थे जिन्हें जिले में एक हस्ती के रूप में देखा जाता है। लेकिन बिशुनपुर और घाघरा के कांग्रेसियों ने वैसे सभी नाम को नाकार दिया जो बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के निवासी नहीं थे। हालांकि रायशुमारी किए गये इन नाम पर चर्चा तब होगी जब सीट शेयरिंग में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस के खाते में आ जाएगा। लेकिन कांग्रेस अपनी पूर्व तैयारी को लेकर प्रखंड पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद संभावित प्रत्याशियों के नाम का चयन कर रही है ताकि गुमला जिले में कांग्रेस को सीट मिलने के बाद उहापोह की स्थिति नहीं रहे।

# रंका में मरांडी और मौर्या के आगमन को लेकर भाजपा नेताओं ने सभास्थल का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** गढ़वा रंका विधानसभा में परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को लेकर रंका सभा स्थल पर भाजपा नेताओं ने प्रमुख कार्यकताओं के साथ सभा स्थल का निरीक्षण कर एक बैठक किया । परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या सहित अन्य कई सांसद , विधायक, नेता शामिल होंगे। मौके पर कार्यक्रम को लेकर बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम से गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में परिवर्तन का इतिहास लिखने का काम करेगा। परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम के प्रमंडलीय सह प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि झामुमो मंत्री मिथलेश ठाकुर के तानाशाही से जनता त्राहिमाम कर रही है। भाजपा का यह परिवर्तन यात्रा झामुमो सरकार के बिदाई का आगाज है। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि भाजपा का परिवर्तन यात्रा गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो सरकार का बिदाई का शुभारंभ करेगा परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में हजारों हजार लोग रंका में शामिल होंगे। चारो तरफ लुट भ्रष्टाचार चरम सीमा पार हो चुका है। आनेवाले विधानसभा चुनाव में जनता भ्रष्टाचारी सरकार को खदेड़ने के लिए तैयार है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा, विवेकानंद, भाजपा जिला महामंत्री संतोष, जिला मिडिया प्रभारी रितेश, भगत सिंहू, मुरारी , शिवलाल, राजकुमार विश्वकर्मा, सच्चीदानंद, शेखर, बलराम, राजेश्वर बैठा, सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बाइक सवार दो युवकों ने वृद्ध से 50 हजार रुपये लूटे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप बाइक सवार दो लुटेरों ने वृद्ध से 50 हजार लूट कर करम डीपा की ओर फरार हो गये। घटना शुक्रवार दिन के 11:30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक बसिया के टेंगरा निवासी बाल किशोर गोप भारतीय स्टेट बैंक से 70 हजार रुपये निकासी कर एक थैली में रखकर ऑटो से उर्मी जा रहा था। तभी बाइक सवार दो लुटेरे उसका पीछा करने लगे। ऑटो जैसे ही सवारी उतारने के लिए कार्तिक उरांव कॉलेज के गेट के समीप रुका वैसे ही पीछे से झपट्टा मारकर लुटेरे थैला लेकर फरार होने लगे। इसी क्रम में 20 हजार का एक बंडल सड़क पर गिर गया। वृद्ध ने ऑटो से उनका पीछा किय, लेकिन लुटेरे तेज गति से करम डीपा की ओर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक वृद्ध उर्मी में अपना नया घर बनवा रहा है। जिसके लिए वह बैंक से पैसा निकाल कर ऑटो से उर्मी जा रहा था। संभवतः लुटेरे बैंक से ही उसका पीछा कर रहे थे। वही उसकी रेकी भी की जा रही थी। बाइक चालक लुटेरा हेलमेट पहना था जिसके कारण बाइक चालक का चेहरा वह नहीं देख पाया। लेकिन पीछे बैठे व्यक्ति को देखने पर उसने पहचानने की बात कही। मामले को लेकर वृद्ध ने गुमला थाना को आवेदन देने की बात कही है।

## अस्पतालों में लचर स्वास्थ्य सुविधा के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार : मंगल भोगता



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट मंडल के भाजपा नेता सह डीलर अर्जुन साहु के निधन पर शोक जताते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने पालकोट अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रश्न उठाया है। मंगल ने कहा कि पालकोट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आपातकालीन ड्यूटी पर डॉक्टर नहीं होते हैं। डाक्टर के नहीं होने के कारण मरीजों को भारी परेशानी होती है। डाक्टर को कलयुग में भगवान का रूप माना गया है और डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं रहते हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के दिशा में न तो जिला प्रशासन गंभीर है और न ही राज्य सरकार। जिले के अधिकांश अस्पतालों में डाक्टर की कमी है। उन्होंने राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से गुमला जिला में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग की है। बता दें कि सड़क दुर्घटना के बाद अत्यंत गंभीर अवस्था में अर्जुन साहु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया था। उस समय अस्पताल में न तो डाक्टर था और न ही एंबुलेंस। वैसे भी गुरुवार को कामडारा अस्पताल में सिविल सर्जन के औचक निरीक्षण के दौरान भी डाक्टर ड्यूटी से गायब पाये गये थे।

## मुखिया मद से खरीदी गयी मशीन पंचायत सचिवालय से गायब




**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड के कुलबुरु पंचायत में मुखिया मद से खरीदी किया गया मशीन पंचायत सचिवालय में नहीं, क्षेत्र में चर्चा का विषय। मिली जानकारी के अनुसार मुखिया के मद से पंचायत सचिवालय में बिजली व्यवस्था के लिए जनरेटर की खरिदगी किया गया था इसके अलावे जेरॉक्स प्रिंटर भी खरीदा गया था जिसे जन उपयोगी बताते खरीदा तो गया लिकिन वर्तमान में पंचायत के सचिवालय में नहीं होना कई सवाल खड़ा करता है और ये विषय क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर जो मशीन पंचायत के ऑफिस के लिए था वो कहां गायब है। इस मामले में पंचायत के सचिव बकुल सरकार ने बताया कि पंचायत के ऑफिस में कुर्सी ,टेबल ,मीटिंग टेबल तथा 15वीं वित से आरओ मशीन खरीदा गया तथा 14वीं वित की राशि से पूर्व में जनरेटर खरीदा गया था जो मेरे जानकारी में नही है और ना ही कोई ऑफिशियल मुझे लिखित हैंडओवर दिया गया जेरिक्स अथवा प्रिंटर जो था वो रोजगार सेवक कैलाश साहू के ऑफिस में रखा हुआ है इसके अलावा कोई जानकारी नहीं है। बहरहाल मामला जनसरोकार का है जिसे मुखिया ने जनता के लिए खरीदा जरूर था लेकिन अब ये जन उपयोगी मशीन ना जनता को पता है और ना ही कार्यालय में रखा हुआ है ये कई सवालों के साथ कई संसय खड़ा कर रहा है। वर्तमान मुखिया सुनीला सोरेन ने इस संबंध बताया कि जनरेटर है कहीं पर है खराब है बनाने दिए हैं तथा पूर्व में जो मुखिया पंचायत सचिवालय के लिए सामान खरीदे वो मुझे पता नहीं है वो सारा सामान गायब है बस जनरेटर है जो खराब था वर्तमान में आरओ मशीन खरीदा गया है जिसका उपयोग ग्रामीण पंचायत ऑफिस आयेंगे तो करेंगे।

## पानी का स्तर बढ़ने से दो दर्जन घर धराशायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** बड़गड़ थाना अंतर्गत कूटकू (मंडल डैम का डूब क्षेत्र) बीते दिनों लगातार हुई बारिश से तीन गांव वह पानी में डूब जाने की खबर है हालांकि बारिश कम हो जाने के बाद बृहस्पतिवार से जल स्तर कम होने लगा है ग्रामीणों के अनुसार मंडल डैम में भारी बारिश के कारण जल स्तर बढ़ने से कूटकू डूब क्षेत्र अंतर्गत यडमाडो भजना यवम कूटकू के पूर्बी व पछमी टोला मे यवम सन्या के कुछ भाग कूटकू डैम मैं पानी भर जाने से तीन गांव मिलाकर दो दर्जनों घर धराशाई हो गया वही फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है जैसे मैं मकई का फसल हुआ धन का फसल तेल्हन मे तिल उड़द रहड़ व दलहन का भी भारी नुकसान हुआ है हालांकि ग्रामीणों की सूझबूझ से किसी जान माल के नुकसान की सूचना नहीं है बाढ़ के पानी से डूबने से जिनके मकान ध्वस्त हुए हैं। उन में बोधन यादव सुरेश किस रामराज किस वजू किस नरेश किसान देवन भुइया मंगरा महतो मोहन यादव विनोद यादव व शिव कालिया कुंवर के नाम शामिल है इधर कूटकू मे एयरटेल का टावर भी डूब के चपेट में आ गया हैं।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश कि बैठक शुक्रवार को वरुण विहारी यादव के आवास पर की गई। बैठक में मुख्य रूप से ओबीसी समाज के सम्मेलन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सितंबर माह में ओबीसी का भवनाथपुर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया है। ओबीसी समाज को संपूर्ण रूप से हक अधिकार एवं आरक्षण के सवाल पर रथ रवाना करते हुए पूरे विधानसभा में भ्रमण कर अपने ओबीसी भाइयों और बहनों को पूरी तरह से राजनीतिक शैक्षणिक एवं सभी प्रकार के अधिकार के लिए गोलबंद की जाएगी। भवनाथपुर विधानसभा के पिछड़ा समाज का शोषण एवं हनन किया गया है।वर्तमान विधायक हों या पूर्व के विधायक के द्वारा लगातार पिछड़ा समाज को अपने हक अधिकार से वंचित रखने का इन लोगों के द्वारा हमेशा से षड्यंत्र रचा जा रहा है। बैठक में वरुण, राम, कपिल देव, धर्मजीत, शंकर प्रिय, उल्फत अंसारी, अजमुद्दीन, कमरुद्दीन, अशोक मेहता, ब्रजेश, राजेंद्र यादव, सुनील यादव, सुशील, मनोज ठाकुर, संजय यादव, गुड्डू यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मिशन बदलाव के प्रयास से कोनाटोली को मिला ट्रांसफार्मर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव की टीम ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनोद के नेतृत्व में तेलगांव पंचायत के कोनाटोली गांव का दौरा किया जहां पर ग्रामीणों ने मिशन बदलाव के समक्ष गांव की समस्याओं को रखा विनोद साहू ने बताया कि पिछले तीन महीने से गांव में बिजली नहीं गांव के बच्चे बिजली नहीं रहने के वजह से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। हमेशा जंगली जानवर सांप विषयों का डर बना हुआ रहता है। मिशन बदलाव के विनोद साहू ने बताया विद्युत कार्यपालक अभियंता को तीन बार आवेदन दिया जा चुका है लेकिन प्रशासन के कान पर जू तक नहीं रेंगा, इसलिए मिशन बदलाव की टीम इसकी कड़ी आलोचना करते हुए डीसी से मांग करती है कि बिजली वाले मामले पर त्वरित कदम उठायें। आज विद्युत कार्यपालक अभियंता से मिलने के क्रम में विनोद साहू ने बताया की बिजली वाले मामलों को दोबारा एक बार अवगत कराया गया है। वहीं एसडीओ ने कहा कि शनिवार को ट्रान्फ्रामर उपलब्ध हो पायेगा।

## क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने भ्रष्टाचार और शोषण के खिलाफ निकाला जुलूस




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा एवं आदिवासी किसान मजदूर पार्टी ने प्रखण्ड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा आदिम जनजातियों के साथ हो रहे शोषण को लेकर प्रखंड मुख्यालय में जूलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके उपरांत प्रखंड कार्यालय परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम अंचलाधिकारी संबंधित ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व काफी संख्या में मिडिल स्कूल के समीप एकत्रित होकर जुलूस प्रारंभ किया जो कार्यालय परिसर पहुंच कर धरना के रूप में तब्दील हो गया। जूलूस के दौरान आक्रोश पूर्ण नारे लगाये जा रहे थे। आंदोलन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि सरकार के द्वारा आदिम जनजातियों के संरक्षण एवं उत्थान के लिए चलायी जा रही सारी योजनाएं धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही।सभा को सुरेश प्रसाद यादव, मंगल देव असूर, रविनंदन असूर, विजय विरहोर,शशिकांत बिरजिया आदि लोगों ने संबोधित किया। जिसके बाद मुख्यमंत्री तथा उपायुक्त को मांग पत्र सीओ कार्यालय में सौंपा गया। जिसमें प्रखण्ड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, जिओ टैग के नाम पर अवैध वसूली के दोषियों के ऊपर कार्रवाई करने, सीएसआर के तहत समुचित विकास की गारंटी करने की मांग शामिल है। इस दौरान सुनील असुर, दीपक असुर, संतोष असुर, अनिल असुर, पुसा असुर, फूलचंद असुर, मंगल असुर सहित काफी संख्या में आदिवासी आदिम जनजाति परिवारों के लोग उपस्थित थे।

# पूर्व के जनप्रतिनिधियों के कारनामों के चलते अब करीबी भी छोड़ रहे हैं उनका साथः मंत्री मिथिलेश

## दो दर्जन से अधिक पंचायत प्रतिनिधियों ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के दो दर्जन से अधिक पंचायत प्रतिनिधियों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने पाट 5 पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्यों से पूरे राज्य की जनता प्रभावित है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हो रहे बेहतर विकास कार्यों से प्रभावित होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोगों का इसी तरह से प्यार एवं आशीर्वाद मिलता रहा तो गढ़वा को और भी बेहतर बनने से कोई रोक नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के पूर्व की गढ़वा और आज के गढ़वा में काफी बदलाव हो चुका है। गढ़वा के प्रत्येक लोगों को उनका हक एवं अधिकार मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों को मौका मिला तो जनता को धोखा दिया। उन्होंने क्षेत्र का जो हाल बना कर रखा था आज उनके काफी करीबी लोग भी साथ छोड़ चुके हैं। जिस कारण से वे लोग और भी बौखला कर क्षेत्र में अनर्गल बयानबाजी करते चल रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विस चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** विस चुनाव के मद्देनजर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा 03 इवीएम मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से आगामी चुनाव के दौरान ईवीएम मशीन के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। जागरुकता वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्र अंतर्गत घूम घूम कर ईवीएम, वीवीपीएटी तथा निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से 03 ईवीएम मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वैन को रवाना किया गया है। जागरुकता रथ जिला अंतर्गत विभिन्न गांव-गांव में घूम कर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करने के साथ-साथ ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी देगा।

# बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, दादा पर हत्या का आरोप

## आहर के पानी में मिला शव, आरोपी फरार, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव के टोला होल्या में आठ साल के एक बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान शुभम कुमार के रूप में हुई है। उसका शव आहर से बरामद हुआ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है। दूसरी ओर, मृतक की मां खुशबू देवी ने शुभम के दादा पर ही उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के मुताबिक शुभम गुरुवार की शाम दूध लेने गांव के प्रमोद सिंह के घर गया था। कथित रूप से आहर के पास बांस की जाड़ियों के पास बैठे उसके दादा कपिलदेव सिंह ने बुलाकर शुभम को अपने पास बैठा लिया था। उधर, शाम छह बजे तक शुभम जब घर नहीं लौटा तो उसकी मां व अन्य लोग उसकी तलाश में निकले। इस बीच आहार में शुभम की साइकल दिखी। मृतक की मां खुशबू देवी को अनहोनी की आशंका हुआ, तो वह खुद आहार में कूद गई। बाद में अन्य लोग भी आहर में उतर गये। जहां से शुभम के शव को निकाल कर तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां करने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पाकर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव भी अस्पताल पहुंच गये और उपस्थित लोगों से जानकारी ली। शुक्रवार की सुबह उसका पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने गांव में पहुंच कर घटनास्थल का भी निरीक्षण किया व परिजनों के फर्द बयान पर मामला दर्ज किया है। शुभम की मां खुशबू देवी ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि उनके ससुरयानी शुभम के दादा कपीलदेव सिंह तीन दिनों से आहार के पास बैठ रहे थे। उन्होंने ही बेरहमी से गला दबाकर शुभम की हत्या कर शव को आहार में फेंक दिया। उधर, गटना के बाद से आरोपी दादा कपीलदेव सिंह फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापामारी कर रही है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि मामले में किसी ने आवेदन नहीं दिया है। पुलिस ने संबंधित लोगों का बयान दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।



शव के पास रोते-बिलखते परिजन।

महत्वपूर्ण न्यूज

## देवरी आजीविका महिला संकुल की वार्षिक आमसभा में साझा की गयी कई जानकारियां



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवरी कला आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक बैठक शुक्रवार को कुशुआ कार्यालय में आयोजित हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, पंसस अजित कुमार सिंह और जेएसएलपीएस कर्मियों ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम का शुरूआत स्वागत गीत के साथ हुआ। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-2024 के किये गए कार्य की उपलब्धियां बतायी गयी। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में किये जाने वाले कार्यों की कार्य योजना तैयार की गयी। सहकारी समिति से जुड़ने के लिए शेयर होल्डर की संख्या बढ़ाने के लिए जानकारी दी गयी और अंश पूंजी जमा करने के लिए बताया गया। संकुल का ऋण वापसी प्रतिशत बढ़ाने और संकुल में छूटे हुए सदस्यों को सखी मंडल से जोड़ने के लिए बताया गया। प्रखंड में चल रहे विभिन्न प्रकार के परियोजना जैसे एनआरएलएम, एनआरईटीपी, एमकेएसपी, डीडीयू जीकेवाई, उमंग, समाजिक विकास, इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग के कार्यों और परियोजना से मिलने वाले फायदे के बारे में कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार द्वारा विस्तार से बताया गया। इस मौके पर सीएलएफ अध्यक्ष रीता देवी, उर्मिला देवी, मानती देवी, मुन्नी देवी और चांदनी देवी आदि मौजूद थीं।

## बेघर को मिलेगा घर : अनुज प्रसाद



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड क्षेत्र के पदमा पंचायत के अब्दुलड़ीह गांव में चिंता देवी का दो महीना पहले बारिश के कारण घर गिर जाने से वह बेघर हो गयी थी। वह बेघर होकर स्कूल भवन में अपने पूरे परिवार के साथ जीवन बिताने को मजबूर थी। इस बीच गर्भवती चिंता देवी ने विद्यालय भवन में ही बच्चे को जन्म दिया। जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। जब मामला प्रकाश में आया तो स्वास्थ्य विभाग की टीम विद्यालय भवन पहुंचकर जच्चा बच्चा का स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें दवा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सूचना महिला उन्हें सूचना दे सकती है। पूरी टीम मदद करने पहुंच जाएगी। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी रवि प्रकाश और बीडीएम प्रेम कुमार ने बताया कि जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य है। समय-समय पर हमारी टीम जांच करती रहेगी। इसके पूर्व पदमा पंचायत के मुखिया अनुज प्रसाद ने बैंक में खाता खुलवाकर मंईयां सम्मान योजना से जुड़ते हुए अबूआ आवास का रजिस्ट्रेशन करा कर फिलहाल राशन और जरूरत का वस्त्र कंबल, मच्छरदानी भी उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि आगे भी हर संभव मदद की जाएगी।

## आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति की आमसभा आयोजित

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड के आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति की सीएलएफ कार्यालय में शुक्रवार को वार्षिक आम सभा आयोजित हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 का लेखा-जोखा पेश किया गया। इसके पूर्व अंचला अधिकारी मदन कुमार सुमन, पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक और डू शिवपूजन सिंह, रितेश कुमार यादव, अकाउंटेंट सुमित्रा देवी, सक्रीय महिला ब्यूटी देवी, जेंडर सीआरपी रिजवाना खातून, सेतू दीदी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सीओ मदन कुमार सुमन ने सखी मंडल दीदी को संबोधित करते हुए आजीविका बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं, पीएनबी के शाखा प्रबंधक विनय कुजूर ने बताया कि हमारे यहां समूह की महिलाओं को लाखों रुपए लोन दी गई है।

## दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ पुनर्गठन, राकेश बने अध्यक्ष

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर गढ़ मुहल्ला स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों की बैठक शुक्रवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता सच्चिदानंद और संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। बैठक में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया। पूजा संचालन के लिए कमेटी को पुनर्गठित किया गया। सर्वसम्मति से राकेश कुमार केशरी को दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया। वहीं आनंद राज, राहुल देव वर्मा व दिलीप कुमार सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि जयंत चौहान को कोषाध्यक्ष, संजय कुमार राम व गजेंद्र कुमार चंद्रवंशी को सचिव और करण कुमार व अमन कुमार चंद्रवंशी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके आलावा संरक्षक मंडली में हरे कृष्णा राम, हरे राम सिंह, कन्हाई राम, गोपाल चंद्रवंशी, रजनीश चंद्रवंशी, विजय कुमार रवि, अमितेश्वर दयाल, मुकेश कुमार, रमेश राम, अरुण सोनी, कौशल कुमार, अनिल चंद्रवंशी व सच्चिदानंद शामिल हैं।

## माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए जत्था रवाना



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए दर्जनों श्रद्धालुओं का जत्था गुरुवार की रात रवाना हुआ। इससे पहले श्रद्धालुओं को ओबीसी एकता अधिकार मंच की ओर से विश्रामपुर में सम्मानित किया गया। मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने सभी श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने रास्ते में खाने पीने के लिए अल्पाहार देते हुए मंगलमय यात्रा की शुभकामना दी। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि माता वैष्णो देवी से क्षेत्र के लिए हरियाली और खुसिहाली का आशीर्वाद जरूर मांगें। श्रद्धालु तिसीबार गांव के थे।

## मेदिनीनगर में हुई महिंद्रा थार की लांचिंग, 3 अक्टूबर से बुकिंग

### पलामू सांसद वीडी राम ने की सराहना





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत मेदिनीनगर बेलवाटीका के गांधी उद्यान में महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अधिकृत डीलर आनंद मोटर्स द्वारा बहु प्रतीक्षित महिंद्रा थार रॉक्स की लॉन्चिंग गांधी उद्यान में किया गया। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, माता द्रोपदी देवी, मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद, महिंद्रा के पदाधिकारी अजय, नवल तुलस्यान, प्रभात अग्रवाल, प्रोफेसर जुगल किशोर और जय शर्मा ने संयुक्त रूप से थार रॉक्स गाड़ी का अनावरण किया। इस अवसर पर चेंबर के अध्यक्ष सह आनंद मोटर्स ग्रुप के चेयरमैन आनंद शंकर आदि भी मौजूद थे। इस मौके पर महिंद्रा थार रॉक्स के बारे आरएसएम अजय जी ने फीचर्स की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि शुरुआती कीमत 12.99 लाख रुपए से है। इस अवसर पर महिंद्रा की ओर से 19 से 25 सितंबर तक सभी यूट्यूबर्स के लिए हाईएस्ट व्यूवर अवार्ड की घोषणा करते हुए गाड़ी के फीचर्स की जानकारी दी। इस मौके पर रवि सिंह, मनप्रीत सिंह लकी आदि मौजूद थे।

## हरिहरगंज के लंगुराही में डायरिया का प्रकोप, आधा दर्जन लोग ग्रस्त

गांव में पहुंची मेडिकल टीम, लोगों को दिये जरूरी सलाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत लंगुराही गांव में डायरिया का प्रकोप फैलता जा रहा है। डायरिया बीमारी फैलने से आधा दर्जन लोग बीमार हैं। वहीं सुविधानुसार परिजनो द्वारा पीड़ित मरीजों का इलाज सरकारी और निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है। इलाज के बाद सभी का हालात सामान्य है। गांव के सरयू यादव ने बताया कि लक्ष्मण यादव, महेंद्र यादव और अलख यादव के घर में डायरिया से कुछ लोग पीड़ित हैं। उधर, डायरिया की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को सीएचसी प्रभारी डॉ गोपाल प्रसाद ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ गांव में पहुंच कर ग्रामीणों से पूछताछ की और दवा का वितरण किया। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि कुछ लोगों को डायरिया हुआ था। सभी का इलाज हुआ है और सभी में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के साथ सभी को ओआरएस पाउडर और बीमारी से संबंधित दवा का वितरण किया गया है। ग्रामीणों को मिट्टी से बर्तन नहीं धोने की हिदायत देने के साथ ही गर्म पानी पीने को कहा गया है।

## भाजपा समाज के हर वर्ग का करती है पूरा सम्मानः घूरन राम



सैकड़ों महिलाओं-युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** पलामू के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता घूरन राम के नेतृत्व में नौडीहा बाजार के सरईडीह पंचायत भवन में भाजपा के युवाओं की ओर से सम्मान एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्थानीय समाजसेवी यशवंत ने की। इस दौरान सभी वर्ग के साथ रविदास समाज के सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि इस बार छतरपुर विधानसभा में एक इतिहास रचने का समय आ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव ही समाज के सभी वर्गों का सम्मान किया है। इस बार सभी वैसे लोग जो झूठे और गलत भ्रामक प्रचार कर लोगों को ठगने का काम करते है। उन्हें रास्ता दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि छतरपुर पाटन विधानसभा के विकास की नई इबारत लिखने की तैयारी शुरू हो गयी हैं। भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार राज्य में बनेगी जिससे छतरपुर विधानसभा में विकास की आवाज विधानसभा में गूंजेगा। इस कार्यक्रम में शिवनाथ राम, बाबू राम, अवधेश राम, डॉक्टर बुधन राम, प्रवेश रवि, बिनोद राम और जगदीश राम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## दुर्गापूजा कमेटी का गठन, राजेश्वर सिंह बने अध्यक्ष

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर-2 के श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक शुक्रवार को हुई. जिसमें पूजा समिति का विस्तारीकरण करते हुए गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से राजेश्वर सिंह को अध्यक्ष, अनिल सिंह व अजय मंडल को महासचिव, संदीप सिंह को कोषाध्यक्ष, मेला प्रभारी अभय सिंह, देवराज कुमार (टेनी), कार्यकारी अध्यक्ष विजय पासवान, राजेश गोप, अनूप कुमार, मनिंदर मिश्रा, उपाध्यक्ष दुर्गेश, पिंटू सिंह, सचिव संतोष सिंह, मुन्ना सिंह, सुमन, प्रेमचंद, संयोजक संजय कुमार, धर्मेंद्र पांडेय, मनोज कुमार, संगठन मंत्री पंकज सिंह, विकास, सोनू, बंटी, बंटू, विनीत, कुलदीप, पंकज शर्मा, कन्हैया प्रसाद, सचित, मोहन मुरारी, व्यवस्थापक सुमन चौधरी, गुड्डू सिंह, बद्री, नीमाई, संजय कुमार, रंजन यादव, अनसुल, वरीय सलाहकार आरबी राय, विजय यादव, दीपक शर्मा, अजय साह और मीडिया प्रभारी विनोद ओझा को बनाया गया है।

## समय पर कार्य को पूरा करायें अधिकारी : डीसी

जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक में कई योजनाओं को दी गयी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। इस दौरान डीसी ने जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिला योजना कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं समय पर पूरा कराने का निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने चैनपुर में कल्याण विभाग द्वारा संचालित अवासीय विद्यालय में कॉमन शौचालय के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। वहीं आपूर्ति विभाग के तहत दो ऐसे गोदाम जो अधिक जर्जर हैं, उन गोदामों की सूची डीएसओ से प्राप्त कर उनकी मरम्मती कराने की बात कही। इसके अलावा शिक्षा विभाग अंतर्गत शहर के मध्य विद्यालयों जहां स्मार्ट पैनल की आवश्यकता है, वहां पैनल लगवाने पर चर्चा किया गया जिसके बाद मध्य विद्यालयों का स्मार्ट पैनल का अधिष्ठापन कराया जायेगा। फारेस्ट कॉलोनी में अप्प्रोच रोड के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं मलय डैम व भीम चूल्हा में बिजली कनेक्शन व आवश्यकतानुसार बिजली पोल लगवाने की स्वीकृति दी गयी। इसके अलावे डीसी ने डीपीओ को सभी बीडीओ से सभी कार्यों की सूची प्राप्त करने को कहा। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश, जिला कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नगर परिषद ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निकाली जागरूकता रैली

# स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का मूल मंत्रः सोमा

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका शुभांभ गांधी चौक से हुआ। नगर भ्रमण के बाद एसबीआई चौक पर रैली का समापन किया गया। इसके अलावा कई जानता उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय व रेड रोज पब्लिक स्कूल में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने रैली में शामिल सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र स्वच्छता ही है। इसलिए स्वच्छता को जीवन शैली में शुमार करना होगा। सप्ताह में दो घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान जरूर करें। न खुद गंदगी करें और ना ही दूसरों को करने दें। ताकि आपका शहर, वार्ड, गांव व घर साफ सुथरा रह सके और यहां के लोग भी स्वस्थ रह सकें। कहा कि वैसे तो क्षेत्र के साफ-सफाई के लिए नगर परिषद प्रतिबद्ध है। लेकिन इस देशव्यापी अभियान की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने बताया कि 17 सितंबर से शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा दो अक्तूबर तक चलेगा। नप के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजन पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को गांधी जयंती के अवसर पर पुरष्कृत किया जायेगा।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND
(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)
Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi

NIT No : 171/PR/SAJHA/2024-25 Dated : 20/09/2024

VERY SHORT TENDER NOTICE

Sealed Tenders in two parts, Part-I (Technical part) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience and financial soundness of following similar type of maintenance works as work mentioned below.

1. Tender are invited for "Annual Maintenance Contract of Astroturf & Sprinkler System for Hockey Stadium at Khuti, Simdega and Ranchi" the rate contract period for 3 Years and EMD cost will be INR 2,50,000/-.
2. The last date and time for submission of the tender is 30/09/2024 up to 11:00 A.M and the submitted technical bid will be opened on 30/09/2024 at 3:00 p.m.
3. Tender documents can be purchase from the office of Civil wing SAJHA on 27/09/2024, 10:00 A.M to 1:00 P.M after depositing cost of BoQ (Non-refundable tender document fee of INR 10,000/-) in the name of SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND, Morhabadi, Ranchi in shape of Bank Draft only.
4. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/to extend the date of sale/submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Sd./-
Executive Director,
Sports Authority of Jharkhand

PR 336399 (Art Culture Sports and Youth Affairs) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या :- RDD/SD/CHATRA/10/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड कान्हाचटटी, पंचायत+ग्राम-राजपुर में पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2009600.00 | 40200.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | प्रखण्ड कान्हाचटटी, पंचायत+ग्राम-जमरी बकसपुरा में पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2480100.00 | 4970.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | प्रखण्ड कान्हाचटटी, पंचायत+ग्राम-कैण्डीनगर में पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2382300.00 | 47700.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | प्रखण्ड कान्हाचटटी, पंचायत+ग्राम-तुलबुल में पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2497700.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | प्रखण्ड कान्हाचटटी, पंचायत+ग्राम-मदगड़ा में पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2499600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | प्रखण्ड कान्हाचटटी, पंचायत+ग्राम-चारू में पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2463300.00 | 49300.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 7 | प्रखण्ड कान्हाचटटी, पंचायत+ग्राम-बेंगोकला में पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2446400.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि -26.09.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक-26.09.2024 से दिनांक-04.10.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 07.10.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 336336 Rural Development(24-25)#D

### विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद नगर व प्रखंड कांग्रेस की बैठक

# धनबाद जिले की विस सीटों के लिए पांच नामों का चयन

**चयनित नामों को बंद लिफाफे में प्रदेश नेतृत्व को भेजा जायेगा**

## धनबाद की सभी विस सीटों पर होगी कांग्रेस की जीतः संतोष

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद नगर/प्रखंड कांग्रेस की बैठक शुक्रवार को धनबाद परिषदन में हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह एव प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पासवान ने की। बैठक में पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, नगर प्रभारी कालीचरण यादव और प्रखंड प्रभारी मधुसूदन मोदक आदि भी शामिल थे। इस दौरान विधानसभा चुनाव में धनबाद विस से प्रत्याशी के रुप में अपना आवेदन देने वाले प्रमुख कांग्रेसियों से विचार विमर्श कर पांच निष्ठावान नेताओं के प्रमुख नामो का चयनित कर नगर/प्रखंड प्रभारी को बंद लिफाफा में समर्पित किया गया। जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस ने कमर पूरी तरह कस ली है। इस बार हर नगर/प्रखंड अध्यक्ष से निष्ठावान, कर्मठ, जमीनी कांग्रेस नेता का पांच नाम मांगा गया है जिसे हम लोग अलाकामन को भेजेगें। इस बार हम धनबाद जिले के सभी विधानसभा जीत कर रहेगें। वहीं, नगर/प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा चुनाव में इस बार धनबाद विस से पार्टी के समर्पित उम्मीदवारी के लिए पांच नेताओं के नाम नगर/प्रखंड कांग्रेस द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस और जिला कांग्रेस को चयनित कर भेजा गया है। इस बार उम्मीद है आलाकमान जमीनी समर्पित उम्मीदवार को पार्टी का टिकट देगी। बैठक में बीके सिंह, सुंदर प्रसाद यादव, नवनीत नीरज, संतोष चौधरी, प्रो डीके सिंह, संजय जायसवाल, प्रभात सुरोलिया, अवधेश पासवान, बबलू दास, अनूप पांडे, राजीव रंजन कुमार, गोपाल कृष्ण चौधरी, आशीष सिंह, विक्की कुमार, सूरज वर्मा, सोनू यादव, खुर्शीद अंसारी, राजा हसन, प्रकाश दास, अमर कुमार, विश्वजीत सिंह आदि उपस्थित थे।


धनबाद विस के उम्मीदवारों के चयन को लेकर हुई कांग्रेस की बैठक में उपस्थित नेतागण।

# योगी आदित्यनाथ 25 को बेरमो में, सभा की तैयारियां जोरों पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 सितंबर को बेरमो पहुंच रहे हैं। करगली फुटबाल ग्राउंड में आयोजित भाजपा की सभा को संबोदित करेंगें। उनके आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भाजपा फुसरो नगर, अंगवाली व नावाडीह मंडल की संयुक्त बैठक फुसरो बाजार स्थित होटल राजमधु (उर्वशी) में हुई। जिसकी अध्यक्षता नावाडीह मंडल अध्यक्ष बालगोविंद महतो ने किया। बैठक में बताया गया कि 25 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेरमो विधानसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी पूरे विस क्षेत्र में की जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से गिरीडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय व पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल शामिल थे। पूर्व सांसद ने कहा कि आज पूरे देश के चहेते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन बेरमो कोयलांचल के स्वं बिनोद बिहारी महतो फुटबाल ग्राउंड करगली में होने जा रहा है। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के आगमन पर लगभग 50 हजार लोगों के जुटने की संभावना है। वहीं, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि भाजपा का परिवर्तन संकल्प यात्रा का बालीडीह टोल गेट में स्वागत करेंगे। वहां से रथ यात्रा जैनामोड़, बहादुरपुर, दांतु, पेटरवार, तेनुघाट, साडम, गोमिया होते हुए कथारा में में प्रवेश करेगा। वहां रथ का स्वागत करते हुए बाइक रैली के रूप में करगली स्थित स्व बिनोद बिहारी महतो फुटबाल ग्राउंड पहुंचेगा। बताया कि जैनामोड़ से पेटरवार तक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पेटरवार से करगली तक जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरन महतो और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश शामिल रहेंगे। रात्रि विश्राम फुसरो में ही होगा। 26 सितंबर की सुबह रथ बाघमारा विधानसभा के लिए प्रस्थान होगा। कहा कि अधिसूचना जारी होने के पूर्व भाजपा की सबसे बड़ी सभा होगी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, महामंत्री सह अंगवाली मंडल प्रभारी सुभाष चंद्र महतो, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गिरिजा देवी आदि थीं।

## मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित महिलाओं का प्रदर्शन



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने से नाराज महिलाओं ने बाघमारा प्रखंड कांग्रेस के बैनर तले शुक्रवार को बाघमारा प्रखंड कार्यालय के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बीडीओ के नाम अधीनस्थ अधिकारी को मांगपत्र सौंपते हुए छूटी हुई महिलाओं को भी योजना का लाभ दिलाने का आग्रह किया गया। साथ ही वैसे सरकारी कर्मियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की भी मांग की गई, जिनके कारण योजना का लाभ पाने से महिलाएं वंचित रहीं। पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो ने कहा कि लोहपिट्टी, कांड्रा, एवं अन्य पंचायतों की कुछ महिलायों ने शिकायत की है कि उन्हें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस मौके पर पूर्व मुखिया चक्रधारी महतो, पूर्व मुखिया छोटेलाल महतो, पूर्व मुखिया परमेश्वर रवानी, मीना देवी, नूनकी देवी, बबिता देवी, अनिता देवी, गुड्डी कुमारी, पार्वती कुमारी, रीता देवी, रूम कुमारी, कोलानी देवी, संजू देवी और ममता देवी आदि शामिल थीं।**


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,लोहरदगा**
**e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 07/2024–25**

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय – 28/09/2024 के अपराह्न 3.30 बजे तक(छुट्टी के दिनों को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 29/09/2024 को 3.30 बजे अपराह्न
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 29/09/2024 के अपराह्न 4.30 बजे
   निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – 1)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा 2)अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला
6. निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

| क्र0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेन्हा | Millet and Pulses परियोजना हेतु जिला परिषद डाक बंगला सेन्हा में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का कार्य | 6,08,613.00 | 12,200.00 | 1,250.00 | 02 months |

नोट : 1. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
2. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 336246 Lohardaga(24-25).D


## विकास करने वाले उम्मीदवार को ही दें अपना वोटः विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने अपने विकास कार्यों को रफ्तार देते हुए डीएमएफटी मद से जरीडीह प्रखंड में शुक्रवार को कई पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसमें 20 लाख रुपए की लागत से तांतरी दक्षिणी पंचायत स्थित अलकु महतो के घर से कुम्हारडीह पुल तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य शामिल है। वहीं, तांतरी दक्षिणी पंचायत स्थित राजेंद्र महतो के घर से लेकर पुरनाटांड़ में शंकर दास के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य भी होगा, जिसकी लागत करीब 25 लाख रुपए होगी। वहीं, जावा महतो के घर से पंचायत भवन तक 23 लाख रुपये की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराया जाएगा। खुंटरी पंचायत सुन्दरपुर मेन रोड़ से मंगलडीह मेहीलाल मराण्डी के घर से होते हुए गितिलटांड़ बालीडीह तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य लगभग 53 लाख रुपए की लागत से पूर्ण होगा। इसी तरह कई पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस दौरान विधायक ने संवेदक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जन समस्याओं को सुना और निष्पादन करने का आश्वासन दिया। कहा कि सभी लोग दृढ़ निश्चय कर अपने क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित हो। सभी जाति धर्म मजहब को अलग रखकर एक साथ मिलकर बेरमो विधानसभा के विकास में अपना योगदान दें। कहा कि कुछ समय बाद विधानसभा चुनाव है। इसमें जो भी विधायक जीत कर आते हैं उनसे अपनी समस्याओं को रखें। कभी भी जाति, धर्म और समुदाय देखकर अपना वोट ना दें, बल्कि उस उम्मीदवार को वोट दें जो क्षेत्र में विकास कर सके। मौके पर कांग्रेस के जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष अशोक मंडल, निजी सचिव बिनोद महतो, सनत मिश्रा, आयुष माथुर, सुबोध मिश्रा, राजू तिवारी, रामविलास प्रजापति, विजयमल सिंह, बलराम तिवारी आदि थे।

## बिजली-पानी की समस्या को लेकर कोलियरी कार्यालय घेरा



**धनसार (आजाद सिपाही)।** कुसुंडा एरिया-6 विश्वकर्मा परियोजना के समीप रहने वाले निवासी केंटिन मुहल्ला, पोथी सेंटर, सीआईएसएफ कैंप सेंटर और झा कलोनी के लोगों ने शुक्रवार को बिजली व पानी की समस्या को लेकर कोलियरी कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। युवा बेरोजगार मंच के बैनर तले स्थानीय लोग जुलूस की सूरत में कोलियरी कार्यालय पहुंच थे। लोगों का आरोप था कि प्रबंधन षड्यंत्र के तहत लोगों को परेशान कर रहा है। वर्षो से मिल रही सुविधाओं में कटौती कर रही है। हजारों की आबादी बिजली की लो वॉल्डेज एवं पेयजल समस्या से करीब तीन महीने से जूझ रही है। बार-बार प्रबंधन को चेतावनी देने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं किया जा रहा है। उधर, लोगों के आक्रोश को देखते हुए परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने उनसे वार्ता कर उन्हें शांत कराया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे मंच के अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने कहा कि अगर प्रबंधन 10 दिनों के अंदर पानी-बिजली सुचारू रूप से लोगों को मुहैया नहीं कराएगा तो परियोजना का चक्का जाम कर दिया जाएगा। इस मौके पर झामुमो नेता गणेश निषाद, सुनील पासवान, बजरंगी कुमार, राजेश कुमार, नाथू चौधरी, किसू रवानी रजनी देवी और पार्वती देवी आदि उपस्थित थे।1


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुधन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) से सम्बंधित जानकारी**
**कार्यालय–जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा**

**आम सूचना**

राष्ट्रीय पशुधन मिशन का उद्देश्य छोटे जुगाली करने वाले पशुओं एवं मुर्गीपालन और सूअरपालन क्षेत्र तथा चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार सृजन एवं नस्ल सुधार के माध्यम से प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि एवं मांस एवं अंडा एवं बकरी का दूध एवं ऊन और चारे के उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्यों को प्राप्त करना है। इस योजना में कोई भी व्यक्ति, स्वंय सहायत समूह ( SHGs), कृषक उत्पाादक संघ (FPOs), कृषक सहकारिता संगठन (FCOs), Joint Liability Group (JLGs) तथा धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनियाँ आवेदन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) पशुधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए 50% पूंजी सब्सिडी प्रदान करता है।

- ग्रामीण पोल्ट्री में नस्ल सुधार फार्मः रू. तक 25 लाख
- भेड़ और बकरी प्रजनन फार्मः रू. तक 50 लाख
- सुअर प्रजनन फार्मः रू. तक 30 लाख
- चारा मूल्य संवर्धन इकाईयाँ: रू. तक 50 लाख
- चारा भंडारण इकाईयाँ: रू. तक 50 लाख

इस योजना में सिर्फ ऑनलाईन आवेदन ही किया जा सकता है। पोर्टल से संबंधित प्रश्नों के लिए एनएलएम पोर्टल हेल्प डेस्क से www.dahd.nic.in अथवा nlm.support@sidbi.in पर संपर्क किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए अपने निकटतम प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क करें। आप https://nlm.udyamimitra.in पर अपने आवेदन अपलोड कर सकते हैं।

–: निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 336269 (Lohardaga) 24-25 (D)


## शहर में सबसे महंगे असफर्ी अस्पताल की व्यवस्था खस्ताहाल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के सबसे महंगे अस्पतालों में सुमार असफर्ी अस्पताल की व्यवस्था बेहद खराब है। उक्त अस्पताल की पार्किंग व्यवस्था दयनीय हालत में है। कहने को तो उनके पास बिल्डिगें हैं, लेकिन उसका जेनरेटर सड़क से सटाकर बाहर ही रखा हुआ है। जबकि अस्पताल में आने-जाने वाली गाड़ियां सिक्स लाइन रोड पर पार्क होती है, जिससे सड़क का अधिकांश हिस्सा जाम हो जाता है। इससे वहां से होकर गुजरने वालों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुर्घटना होने का भी खतरा बना रहता है। हाल ही में अस्पताल के समीप एक परिवार की दो बच्चियों की दुर्घटना में जान जा चुकी है। पर प्रशासन की दृष्टि इस ओर नहीं गयी। वहीं, दूसरी ओर, उक्त अस्पताल में मरीज को मिलने वाली सुविधाएं भी नगण्य हैं। मरीज को अस्पताल के अंदर ले जाने से लेकर डॉक्टर से मिलने तक कदम-कदम पर भुगतान करना पड़ता है। पर उस हिसाब से सुविधा नहीं जा रही है। आरोप है कि हाल ही में गोविंदपुर निवासी पेशे से सब्जी कारोबारी एक व्यक्ति दुर्घटना में घायल होने बाद असफर्ी अस्पताल में इलाज करने पहुंचा था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के नाम पर बिल इतना बड़ा कर दिया गया, उन्हें कर्ज लेकर भुगतान करना पड़ा। बावजूद इसके एक से डेढ़ लाख रुपए अतिरिक्त जमा करने को कहा गया। पैसे जमा नहीं करने पर मरीज का इलाज भी बंद कर दिया गया। जिसके बाद मामला धनबाद डीसी के पास पहुंचा, जिनके हस्तक्षेप के बाद उस मरीज को रांची के रिम्स अस्पताल रेफर किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 12/2024–25**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.09.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.09.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.09.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Boundary Wall And Renovation Work of Class-1 Veterinary Hospital at Balumath, Dist-Latehar | 42,04,100.00 | 84500 /- | 5000 /- | 04 (Four ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR.NO.336261 Building(24-25):D


## सीएसआइआर-सीआइएमएफआर की ओर से 'वन हेल्थ' पर जिज्ञासा कार्यक्रम आयोजित




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर-सीआइएमएफआर की ओर से शुक्रवार को झरिया के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय झरिया में 'वन हेल्थ' पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। उक्त कार्यक्रम सीएसआईआर 'जिज्ञासा कार्यक्रम' का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य के बीच महत्वपूर्ण संबंधों के बारे में शिक्षित करना है। सत्र में स्वास्थ्य के प्रति संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण बनाए रखने के महत्वए लाभ और भविष्य की सकारात्मकता पर व्यापक चर्चा की गयी. जिज्ञासा कार्यक्रम के इतिहास और महत्व का परिचय दिया गया, जिसमें मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य के बीच आवश्यक संबंधों पर जोर दिया गया। सीएसआईआर केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने छात्रों के साथ इंटरएक्टिव सत्र का संचालन किया, जिसमें जूनोटिक बीमारियों, एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध महामारी के प्रभावों, खाद्य मिलावट के खतरों और पोषण के महत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया गया। टीम ने एक स्वस्थ और रोग मुक्त जीवनशैली बनाए रखने के लिए व्यावहारिक कदमों पर जोर दिया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय झरिया के 50 छात्रों और दो शिक्षकों ने भाग लिया।

## 23 को मनायी जायेगी विनोद बिहारी महतो की जयंती

**चास (आजाद सिपाही)।** बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति की ओर से 23 सितंबर को झारखंड के पुरोधा स्व बिनोद बिहारी महतो की 101 वीं जन्मजयंती चास बोकारो के बिजुलिया मोड़ स्थित बिनोद चौक में धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त जानकारी समिति के सदस्य परशुराम महतो ने शुक्रवार को दी। बताया कि 23 को प्रसिद्ध छऊनाच, सूर्यकांत सहिस एवं दिपक चंद्र माहतो बंगाल की ओर से प्रस्तुत की जाएगी।

# ट्रांसफार्मर जला, 10 दिनों से पेयजलापूर्ति ठप

## ट्रांसफॉर्मर लगाने को लेकर बेरमो विधायक ने लिखी चिट्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बैदकारो/बेरमो।** बेरमो प्रखंड के 12 पंचायतों में लगभग 10 दिनों से मेघा जलापूर्ति योजना से पेयजल आपूर्ति ठप है। कथारा स्थित मेघा जलापूर्ति योजना का फिल्टर प्लांट में लगा ट्रांसफार्मर जलने के कारण जल आपूर्ति ठप है। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने झारखंड बिजली वितरण निगम के निदेशक केके वर्मा को पत्र लिखकर तत्काल 500 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। ताकि 12 पंचायतों में पेयजल आपूर्ति बहाल हो सके। बेरमो प्रखंड बीस सूत्री सदस्य मनोज सिंह ने इस बाबत बताया कि फिल्टर प्लांट में ट्रांसफार्मर जलने के कारण दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया था पर उसमें भी तकनीकी खराबी आ जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित है। पेयजल विभाग के अधिकारी से पानी की सप्लाई संबंधित बात करने पर जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगाकर पेयजल आपूर्ति शुरू करने का आश्वासन मिला है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि 10 दिनों से पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है। जलापूर्ति नहीं होने से बेरमो प्रखंड के बैदकारो पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत, बेरमो पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी पंचायत कुरपनिया बोडीय़ा उत्तरी एवं पश्चिमी, जारंगडीह दक्षिणी एवं उत्तरी गोविंदपुर पंचायत के ए और बी पंचायत में लाखों लोग पानी नहीं मिलने से परेशान है।


**प्रेस विज्ञप्ति**
**कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूँटी**
**अधिसूचना संख्या– 02/2024**

**45 नए पी.एल.वी के चयन के लिए साक्षात्कार दिनांक – 20/09/2024, 21/09/2024, एवं 22/09/2024 को होगा।**

माननीय झालसा के आदेशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी के द्वारा 45 नए पी.एल.वी का चयन किया जाएगा जिसका साक्षात्कार दिनांक–20/09/2024, 21/09/2024, एवं 22/09/2024 को सुबह 09:00 बजे से व्यवहार न्यायालय खूँटी में लिया जाएगा।

इसकी अधिसूचना संख्या–02 दिनांक–11.09.2024 को सिविल कोर्ट खूँटी के अधिकारिक वेबसाइट https://khunti.dcourts.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है जिसका प्रवेश पत्र भी जारी किया जा रहा है।

क्रमांक 01 से 70 तक के उम्मीदवारों का साक्षात्कार 20/09/2024 को होगा।
क्रमांक 71 से 140 तक के उम्मीदवारों का साक्षात्कार 21/09/2024 को होगा।
क्रमांक 141 एवं उससे उपर के उम्मीदवारों का साक्षात्कार 22/09/2024 को होगा।

नए चयनित पी.एल.वी को पंचायत स्तर पर कार्यरत विधिक सहायता केन्द्र से जोड़ा जाएगा ताकि ग्रामीण लोगों को तुरन्त न्याय मिल सके।


सौजन्य
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी

PR 336022 Law(24-25)D

# कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी : मोदी

## इन्हें गणपति से भी चिढ़, मैंने गणेश पूजा की, तो कांग्रेस बेचैन हो गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के अंदर देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। वे विदेश से बैठकर एजेंडे चलाते हैं। इन्हें अब गणपति बप्पा से भी चिढ़ होने लगी है। मैंने गणेश पूजा की तो कांग्रेस बेचैन हो गयी। मोदी ने यह बातें महाराष्ट्र के वर्धा में एक रैली को संबोधित की। वे यहां ढट विश्वकर्मा योजना के एक साल पूरे होने पर कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। पीएम ने कहा- पुरानी सरकारों में कामगारों के हुनर को सम्मान नहीं मिलता था। कांग्रेस और उनके दोस्तों ने SC/ST को दबाकर रखा। उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। हमारी सरकार ने स्किल मंत्रालय बनाया। पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की। एक साल में इस योजना के तहत 8 लाख लोगों को स्किल ट्रेनिंग दी गयी है। **गणपति उत्सव पर पीएम मोदी ने कहा-** जिस पार्टी में हमारी आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा, वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती। लेकिन आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। दरअसल पीएम मोदी उखक डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणपति पूजन करने गए थे। जिसका विपक्ष ने विरोध किया था। **किसानों को लेकर :** पीएम ने कहा- महाराष्ट्र में दशकों तक कांग्रेस और बाद में महा विकास अघाड़ी सरकार ने कपास को महाराष्ट्र के किसानों की ताकत बनाने के बजाय उन्हें बदहाली में धकेला, किसानों के नाम पर राजनीति की और भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। 2014 में जब देवेंद्र फडणवीस की सरकार बनी तो अमरावती में टेक्सटाइल पार्क का काम शुरू हुआ। **दलितों-पिछड़ों पर :** कांग्रेस और उसके मित्रों ने जानबूझकर एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों को आगे नहीं बढ़ने दिया। हमने सरकारी व्यवस्था से कांग्रेस की इस दलित-विरोधी और पिछड़ा-विरोधी सोच को खत्म कर दिया है। पिछले एक साल के आंकड़े बताते हैं कि एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय विश्वकर्मा योजना का लाभ उठा रहे हैं। **पाकिस्तान के बयान पर :** नरेंद्र मोदी ने कहा, ये वो कांग्रेस हैं जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं। आज देश की सबसे बेईमान और भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस है। देश का सबसे भ्रष्ट परिवार कांग्रेस का शाही परिवार है। ये लोग विदेशी धरती से एजेंडे चलाते हैं। दरअसल पीएम मोदी ने हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बयान का जिक्र किया। जिसमें उन्होंने कहा था कि आर्टिकल 370 की बहाली पर पाकिस्तान और कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन की राय एक है।

### नयी सरकार के गठन के 100वें दिन पुरी में राज्य स्तरीय समारोह

# हमने 100 दिन के अंदर सभी बड़े वादे पूरे कर दिये : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के नेतृत्व वाली भाजपा की नयी सरकार के गठन के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर बृहस्पति बार को पुरी में राज्यस्तरीय उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि सरकार ने 100 दिनों के भीतर अपनी सभी प्रमुख वादों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से 2036 तक समृद्ध ओडिशा के निर्माण का सपना साकार होगा और इसकी नींव पहले 5 वर्षों में रखी जायेगी। इस प्रक्रिया की शुरूआत पहले 100 दिनों में ही हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत में महाप्रभु जगन्नाथ को नमन करते हुए कहा कि महाप्रभु हम सभी को आशीर्वाद दें और ओडिशा की जनता की सेवा के लिए प्रेरणा दें। आज जब हम अपनी सरकार के 100 दिन पूरे कर रहे हैं, हम महाप्रभु को धन्यवाद अर्पित करते हैं। उनका आशीर्वाद ही हमारी सेवा का मूल है। उन्होंने उत्कलमणि गोपबंधु दास की प्रसिद्ध पंक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रजा के लिए राजा, प्रजा हित में राजनीति, प्रजा की इच्छा राज्य की नींव है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में सरकार जनता की होती है और जनता के लिए होती है। जनता का समर्थन ही सरकार की असली ताकत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 12 वर्षों में समृद्ध ओड़िशा का निर्माण होगा और पहले 5 वर्षों में इसकी नींव पक्की की जायेगी। विकसित भारत में ओड़िशा विकास की अग्रिम पंक्ति में रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प पत्र उनके लिए एक धर्मग्रंथ के समान है। हमने चुनाव के दौरान जनता से जो वादे किए थे, उन्हें निभाना हमारा धर्म है। सरकार जनता के प्रति अपने दायित्व का पालन करते हुए एक समर्पित और उत्तरदायी सरकार के रूप में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाए गए कदमों की चर्चा करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में दोष सिद्धि की दर 50% तक पहुंच चुकी है, जबकि आय से अधिक संपत्ति के मामलों में यह दर 80% है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में किसी भी भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पहले ही दिन से श्रीमंदिर के चारों द्वार खोलने और रत्न भंडार की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कदम उठाया था। उन्होंने कहा कि यह फैसला भक्तों और भगवान के बीच मौजूद कृत्रिम अवरोधों को दूर करने के लिए था। मुख्यमंत्री माझी ने घोषणा की कि भुवनेश्वर में एक विश्वस्तरीय स्टेडियम का निर्माण बहुत ही जल्द किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ाने के लिए सरकार हर तरह के कदम उठायेगी। शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार ने 100 दिनों के अंदर कई कार्यक्रम किये हैं। पीएम-श्री योजना के तहत 800 स्कूलों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित किया जायेगा। हमने नयी शिक्षा नीति-2020 को लागू करने का निर्णय पहले ही ले लिया है। प्राथमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए गोदबरीश मिश्र प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की जायेगी। इसी तरह उच्च शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण विकास के लिए पीएम-उषा योजना लागू की जायेगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि छात्रों बीच में कक्षा न छोड़ें, बजट में माधो सिंह हात खर्च योजना का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत छात्रों को 5,000 रुपये की राशि दी जायेगी। माझी ने राज्य के किसानों को संबल बनाने के लिए उठाये गये कदमों को गिनाते हुए कहा कि लोगों की सरकार नुआखाई के मौके पर सीएम किसान योजना की शुरूआत की।

इससे पहले धान के खरीद का समर्थन मूल्य 2300 रुपये से बढ़ाकर 3100 रुपये कर दिया है। उन्होंने बताया इस योजना के लागू होने से लाभार्थी देशभर में कहीं भी इलाज करा सकते हैं। उन्होंने बताया इस योजना से 27 हजार अस्पतालों को जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री माझी ने इस दौरान राज्य में चल में रहीं केंद्रीय योजनाओं को भी गिनाया, जिसमें रेल और सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंन बताया कि केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद रेलवे में धन आवंटन काफी बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया राज्य में 25 हजार करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने बताया कि अभी कई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिलने वाली है और कइयों पर काम शुरू होने वाला है।

हमने राज्य में सिंगल विंडो क्लीयरेंस अथॉरिटी के तहत अब तक 26 नयी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे राज्य में लगभग 6 हजार करोड़ का पूंजी निवेश होगा और 19 हजार रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अगले 5 साल में हम औद्योगिक क्षेत्र में 3.5 लाख नौकरियां पैदा करेंगे। मुख्यमंत्री माझी ने घोषणा की कि राज्य में विदेशी निवेश के लिए एफडीआई पार्क स्थापित किये जायेंगे। इसके साथ-साथ चार लॉजिस्टिक पार्क भी स्थापित होंगे। इस मौके पर राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा, केवी सिंहदेव के साथ-साथ राज्य सरकार के कई मंत्री, भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल, सांसद संबित पात्र के साथ विधायक, सांसद अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पुरी श्रीमंदिर रत्न भंडार का तकनीकी सर्वेक्षण आज से 3 दिन तक दोपहर 1 बजे के बाद भक्तों को दर्शन नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) शनिवार से ओड़िशा के पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ के प्रसिद्ध मंदिर के रत्न भंडारे का तीन दिवसीय तकनीकी सर्वेक्षण करेगा। सर्वेक्षण 23 सितंबर तक चलेगा, लेकिन 21 सितंबर से 23 सितंबर तक प्रत्येक दिन निरीक्षण पूरा होने तक दोपहर 1 बजे के बाद भक्तों को मंदिर में भगवान के दर्शन की अनुमति नहीं दी जायेगी। रिपोर्ट के अनुसार, श्रीमंदिर के रत्न भंडारे का तकनीकी निरीक्षण एएसआई द्वारा कल यानी 21 सितंबर से शुरू होगा और तीन दिनों तक चलेगा। इन तीन दिनों में एएसआई द्वारा सर्वेक्षण दोपहर 2 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। इसलिए, इन तीन दिनों में दोपहर 1 बजे के बाद भक्तों को देवताओं के दर्शन की अनुमति नहीं दी जायेगी। इससे पहले श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी ने 24 सितंबर तक तकनीकी सर्वेक्षण पूरा करने के लिए एएसआई के महानिदेशक को पत्र लिखा था। मुख्य प्रशासक ने पत्र में श्रीमंदिर का शेष सर्वेक्षण पूरा करने और 24 सितंबर से मंदिर में शुरू होने वाले दशहरा संबंधी अनुष्ठानों से पहले अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था। इसके बाद एएसआई ने तत्परता दिखाते हुए निरीक्षण की तिथि तय की। निरीक्षण राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित एसओपी के अनुसार किया जायेगा। इसलिए, देवताओं की नीतिकांति या सेवापूजा में व्यवधान डाले बिना निरीक्षण प्रक्रिया के लिए आवश्यक समय देने के लिए इन तीन दिनों के लिए एक विशेष कार्यक्रम तैयार किया गया है। यद्यपि कल से रत्न भंडारा के तकनीकी निरीक्षण के लिए तीन दिनों तक दोपहर एक बजे के बाद भक्तों के लिए दर्शन उपलब्ध नहीं होंगे, लेकिन देवताओं का पवित्र प्रसाद महाप्रसाद भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगा। इच्छुक भक्तगण सिंहद्वार प्रवेश द्वार से मंदिर में प्रवेश करने के बाद महाप्रसाद खरीद सकते हैं।

## ओड़िशा के मुख्यमंत्री 23 से जन शिकायत सुनवाई फिर से शुरू करेंगे

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी 23 सितंबर (सोमवार) से भुवनेश्वर में यूनिट-5 में जन शिकायत सुनवाई फिर से शुरू करेंगे, राज्य सरकार के जीए और पीजी विभाग ने यह जानकारी दी। जीए एवं पीजी विभाग के अनुसार, लोक शिकायत सुनवाई के लिए पंजीकरण आज (19 सितंबर) से शुरू हो गया है और लोग इसके लिए जनसुनी पोर्टल या जनसुनी मोबाइल एप्लिकेशन पर पंजीकरण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री आगामी सोमवार को प्रातः 11 बजे से कुल 1000 पंजीकृत आवेदकों की शिकायतें सुनेंगे।

## मुख्य निर्माण अभियंता, ग्रामीण निर्माण मंडल बालासोर सतर्कता के घेरे में, डीए की तलाश जारी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा विजिलेंस ने शुक्रवार को बालासोर जिले में ग्रामीण निर्माण सर्किल के मुख्य निर्माण अभियंता के 11 ठिकानों पर डीए कोण से तलाशी शुरू की है। मुख्य निर्माण इंजीनियर की पहचान एनवी. हरिहर राव के रूप में की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य निर्माण अभियंता, ग्रामीण कार्य मंडल, बालासोर के कार्यालय में मुख्य अभियंता एनवी हरिहर राव द्वारा आय से अधिक संपत्ति (डीए) रखने के आरोपों पर, विशेष न्यायाधीश, सतर्कता, भुवनेश्वर द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर 11 डीएसपी, 7 निरीक्षक, 11 एएसआई और अन्य सहायक कर्मचारियों वाली ओड़िशा सतर्कता द्वारा 11 स्थानों पर एक साथ घरों की तलाशी ली जा रही है। यह तलाशी भुवनेश्वर, बरहामपुर, बालासोर, क्योंझर और फूलबनी में चल रही है। यहां तलाशी चल रही हैः 1) भबिनीपुर, ब्रह्मपुर में प्लॉट संख्या 4592 पर दो मंजिला इमारत। 2) पत्रापदा, भुवनेश्वर में प्लॉट संख्या 284 पर एक मंजिला इमारत। 3) 3 बीएचके फ्लैट, स्पेक्ट्रम ग्रीन अपार्टमेंट फ्लैट नंबर 205, प्रथम तल, बैद्यनाथपुर, कामपल्ली, ब्रह्मपुर में स्थित है।

## मयूरभंज जिले में अंतिम संस्कार भोज में खाना खाने से 3 की मौत, 20 से अधिक की हालत गंभीर

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मयूरभंज जिले में शुक्रवार को एक चौंकाने वाली घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि 20 से अधिक लोग बीमार हो गये और उनकी हालत गंभीर हो गयी। ये लोग कथित तौर पर एक अंतिम संस्कार समारोह के अवसर पर आयोजित भोज में खाना खाने के बाद बीमार पड़ गये। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को मयूरभंज जिले के बादासाही ब्लॉक के गुडियालबांधा गांव में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि 20 से अधिक लोग बीमार हो गये। बीमार लोगों को बारीपदा स्थित जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।











## वेदांता एल्युमीनियम ने सतत कोयला परिवहन को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार की सरदेगा-भालुमुडा रेल लाइन की सराहना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के बीच सरदेगा-भालुमुडा रेल लाइन कनेक्टिविटी परियोजना को सुविधाजनक बनाने के भारत सरकार के फैसले का स्वागत किया है। यह पहल कोयला परिवहन को टिकाऊ और कुशल तरीके से सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से की गई है। इस परियोजना को आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीइए) ने मंजूरी दी है। ओडिशा में वेदांता की जामखानी और घोघरपल्ली कैप्टिव खदानों से 100% रेल-आधारित कोयला निकासी के साथ सड़क परिवहन की जगह लेने से, यह परियोजना कोयला लॉजिस्टिक्स से जुड़े कार्बन फुटप्रिंट और व्यय को काफी कम कर देगी। 37 किलोमीटर की रेल लाइन कंपनी की कोयला खदानों से कोयला परिवहन को सुव्यवस्थित करेगी, जिससे तेज लोडिंग सिस्टम के माध्यम से कोयले की निरंतर गुणवत्ता और निर्बाध लॉजिस्टिक्स सुनिश्चित होगा। यह विकास 2050 तक अपने नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कंपनी की व्यापक रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह रेल-आधारित दृष्टिकोण कंपनी की व्यापक पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) रणनीति को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण चालक है, जो संचालन को डीकाबोर्नाइज करने और आपूर्ति श्रृंखला दक्षता को बढ़ाने पर केंद्रित है, क्योंकि कंपनी एक हरित, अधिक संसाधन-कुशल भविष्य की दिशा में काम करती है। यह विकास सड़क की भीड़, उत्सर्जन और ईंधन की खपत को कम करने में मदद करेगा। इस विकास के बारे में वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, हम इस ऐतिहासिक बुनियादी ढांचा परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं, जो हमारी आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता को बहुत बढ़ायेगी। यह परियोजना 2050 तक नेट जीरो की दिशा में हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बुनियादी ढांचा क्षेत्रीय औद्योगिक विकास का समर्थन करेगा, स्थानीय उद्योगों को लाभान्वित करेगा और आस-पास के समुदायों के लिए सार्थक आर्थिक अवसर पैदा करेगा। रेल लाइन परियोजना स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करने के लिए तैयार है, खासकर इसके निर्माण और परिचालन चरणों के दौरान। यह बुनियादी ढांचा विकास परिवहन दक्षता को बढ़ाकर और आगे निवेश को आकर्षित करके क्षेत्रीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। वेदांता एल्युमीनियम से परे, यह परियोजना पूरे क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगी, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी और रसद को सुव्यवस्थित करके और परिवहन अक्षमताओं को कम कर-के क्षेत्र के व्यापक आर्थिक विकास में योगदान देगी। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन किया। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जो मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग पाते हैं। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है, जो इसके अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**